प्राक्कथन

अदालतमें काम करनेवाले भाइयोंको बहुत तरहके मसविदोंकी प्रायः आवश्यकता रहा करती है। हिन्दी पढ़े लिखे सज्जनोंको, अङ्गरेजी या उर्दूमें छपे मसविदोंसे नितान्त अज्ञान रहनेके कारण बड़ी असुविधा होती है। हमारे पास बहुतेरे भाइयोंने पत्र भेजकर हिन्दीमें मसविदोंके छापनेके लिये आग्रह की एवं हमने हिन्दीके गौरव तथा भाइयोंके लाभके लिये, यह ग्रन्थ, अर्जीदावों, जवाबदावों, अर्जियों, नोटिसों, दस्तावेज़ों आदिके अनेक मसविदों, तथा आवश्यक क़ानूनों, व हाईकोर्ट रूल्स आदि छापकर, प्रकाशित किया है। हमें विश्वास है कि अदालती काम करनेवालोंको इसके द्वारा काफी सहायता मिलेगी। मुहर्रिरोंके लिये भी यह ग्रन्थ बड़ा ही उपकारी सिद्ध होगा। इस गून्थमें ज़ाबता दीवानी और अन्य जगहोंसे नमूने संगूह किये गये हैं। कुछ नमूने तो ऐसे हैं जिनके लिये हज़ारों रुपया खर्च होगये हैं। हम आशा करते हैं कि हमारे भाइयों को इस गून्थसे लाभ पहुँचेगा।

ता० १ मार्च सन १९२७ ई०

निवेदक

चन्द्रशेखर शुक्ल

प्लीडिङ्ग्स्, अर्जियों और दस्तावेजों आदिके नमूने

—:o—

अनुक्रमणिका

अर्ज़ीदावा और बयान तहरीरी

ज़रूरी ज़रूरी अर्ज़ियोंके नमूने

कोर्टफीस ऐक्ट
नं० ७ सन १८७० ई०

——:०:——

सिविल जनरल रूल्स
३१ जनवरी सन् १९२७ ई०
नकलोंकी फीसें

तलबाना आदिकी फीसें

दस्तावेजों पर स्टाम्प
इन्डियन स्टाम्प ऐक्ट नं० २ सन १८९९ ई०

इति।

सूचना

इस भागमें जहां पेजोंके देखनेका हवाला दिया गया है उससे हिन्दीमें छपे जाबता दीवानीके पेजोंके देखनेका तात्पर्य समझना चाहिये।

भाग ३

प्लीडिंगस्, अर्जियों और दस्तावेजों आदिके नमूने

प्लीडिङ्गसके लिये देखिये पेज ९

अर्जीदावा और बयान तहरीरी

१ आम अर्जीदावा

अर्जीदावा नीचे लिखे अनुसार लिखा जाना चाहिए और उसमें नीचे लिखी बातें लिखनी चाहिए —

कागज के सिर्फ एक ही ओर और करीब २ इंच का हाशिया कागज के बाए ओर छोड़ कर (अंगरेजी व हिन्दी में) लिखना चाहिए। उर्दू के लिए इसी तरह पर दाहिने ओर हाशिया छोड़ना चाहिए। ऊपर नीचे करीब एक एक इंच जगह छोड़ देनी चाहिए।

(क) [नाम उस अदालतका जिसमे नालिश दायर की गई हो]
जैसे—ब अदालत श्रीमान् (जनाब) सब-जज साहब बहादुर, कानपुर ।
[मुकद्दमेका रजिस्टरमे लिखे जाने वाले नम्बर और सन्के लिए जगह छोड़ दी जानी चाहिये]

जैसे—नकद रुपयेकी नालिश नं० १३२५ सन् १९२७ ई०

(ख) [मुद्दईका नाम उमर वल्दियत व पेशा और सकूनत वगैरा]
जैसे—सालिकराम उमर अन्दाजन ४० साल वल्द सीताराम क़ौम ब्राम्हण पेशा जमीन्दारी व महाजनी । साकिन मौजा वैकुण्ठपुर परगना व थाना यमपुर जिला शांतिपुर ।

बनाम

(ग) [मुद्दाअलेहका नाम उमर वल्दियत व पेशा और सकूनत वगैरा]
जैसे—चूड़ामनि उमर अन्दाजन ४० साल वल्द थुरई कौम चमार पेशा काश्तकारी साकिन मौजा दशमापुर थाना चौवेपुर जिला कानपुर।

(घ) [जब मुद्दई या मुद्दाअलेह नाबालिग या पागल हो तो यहां पर वे सब बातें लिख दी जानी चाहिए]

(ङ) [नालिशकी तफसील और दावाकी मालियत]
जैसे—दावा बाबत दिलापाने मुबलिग ८५०) जो नक्द कर्ज कर दिये गए थे ।

(च) [वे बाते जिनसे कि बिनाय मुखासमत दावा पैदा हो और यह कि वह कब पैदा हुई]

नोट—ऊपर बतलाए अनुसार फ़रीकैन मुकद्दमाका नाम,उमर वल्दियत,सकूनत और पेशा इत्यादि लिख चुकनेके बाद मुकद्दमेकी दूसरी बाते शुरू करना चाहिए । जिन बातोंके आधार पर मुद्दई अपना दावा पेशकरता है, वह शहादत जो कि वह अपने दावाकी ताईदमें पेश करना चाहता है । वे सब बातें सक्षेपमें अलग अलग पैरा डाल कर लिखना चाहिये उनपर सिलसिलेका नम्बर डाला जाना चाहिए और तारीखें, रुपयेकी संख्या (तादाद) और नम्बर सब अक्षरों (हिन्दुसों) मे लिखी जाना चाहिए ।

जैसे—उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है —

१ यह कि तारीख ३० जून सन् १९२७ ई० को मुद्दईने मुद्दाअलेहको मुबलिग ५०) रु० २४) सैकड़ा सालाना व्याजकी दर पर कर्ज दिए जिसको मुद्दाअलेहने तारीख २९ जून सन् १९२८ ई० को या उससे पहिले अदा कर देनेका वादा किया था । मुद्दाअलेहने इस रकमकी निस्वत एक बाक़ायदा तमस्सुक मुद्दईके हकमें लिख दिया था और उसकी बाकायदा रजिस्ट्री भी करा दी थी । वह तमस्सुक इस अर्जीदावाके साथ नत्थी है ।

२ यह कि मुद्दाअलेहने मुद्दईको मुबलिग ७५) रु० बाबत ब्याजके तारीख़ २१ नवम्बर सन १९२७ को अदा किए जिसकी वसूली मुद्दाअलेहने स्वय उस तमस्सुककी पीठ पर लिख दी।

३ इस रुपयाको वसूल देनेके बाद भी मुबलिग ''' ') रु० की रकम मुद्दईको मुद्दाअलेहसे अब भी मिलना बाकी है लेकिन मुद्दाअलेहने वह रकम अभी तक अदा नहीं की, यद्यपि बार बार उससे इसके लिए कहा गया।

(छ) [वे बातें, जिनसे यह मालूम होता हो कि अदालतको इस मामले की समाअत करनेका अधिकार है]

४ मुद्दईकी इस नालिशके दायर करनेकी बिनाय मुखासमत तारीख़ २९ जून सन १९२८ ई० को मौजा हसनापुरमे पैदा हुई जो मौज़ा कि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (अख्त्यार समाअत) में है।

(ज) [वह दादरसी जिसके लिए मुद्दई दावेदार है]

५ मुद्दईका दावा है—

(१) कि मुद्दाअलेहके ऊपर ''''''''''') रु० की डिकरी मय ब्याज व असल, रुपयेके उस ब्याजकी दर पर, जो अदालत उचित समझे इस नालिशकी तारीखसे डिकरीकी तारीख़ तक और इस कुल रुपये पर, रुपया वसूल हो जानेकी तारीख़ तक उस ब्याजकी दर पर, जो अदालत उचित समझे दे दी जाय।

(२) यह कि मुद्दाअलेहको यह हुक्म दिया जाय कि वह मुद्दईको इस मुकद्दमेमे होनेवाला खर्चा और उसके वसूल होने तक ६) रु० सैकड़ा सालानाकी दरसे ब्याज (सुद) अदा करे।

(ज) [जब मुद्दईने कुछ छूट दी हो या अपने दावाका कुछ हिस्सा छोड़ दिया हो तो उस रकमकी तादाद लिख देनी चाहिए],

(झ) [अख्त्यार समाअत और कोर्ट फ़ीसकी रकम तय करनेके लिए यहां पर दावाकी मालियत लिख देनी चाहिए]

६ अख्त्यार समाअतके लिये इस नालिशके दावाकी मालियत'''''')रु० है और इसी रकम पर कोर्ट-फ़ीस लगाया गया है।

(ञ) [तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

नोट—अर्जीदावाके तैयार करनेके पहले देखो पेज ९ से ३६ तक।

आम जवाबें दावा या बयान तहरीरी

उनवान (शीर्षक) मुकद्दमा [देखो अर्जी दावा न० १]

इन्कारी मुद्दाअलेह इस बातसे इकार करता है कि (यहा पर उन बातोंको लिखना चाहिये जिनसे इंकारीकी जाती है)

मुद्दाअलेह इस बात को स्वीकार नहीं करता कि (यहाँ पर वे बातें लिखनी चाहिए) ।

मुद्दाअलेह इकबाल करता है.......... ...लेकिन उसका कहना है कि—

विरोध — मुद्दाअलेह इस बात से इन्कार करता है कि उसने उक्त इकरारनामा या कोई इकरार मुद्दई के साथ किया ।

मुद्दाअलेह इस बात से इन्कार करता है कि उसने मुद्दई के साथ अमुक इकरार (मुआहिदा) किया या किसी तरह का कोई भी मुआहिदा किया ।

मुद्दाअलेह को वसूली जायदाद से इकबाल है लेकिन वह मुद्दई के दावा को नहीं मानता ।

मुद्दाअलेह इन्कार करता है कि उसने मुद्दई के हाथ यह माल बेचा जिसका ज़िक्र अर्जीदावा में किया गया है या उसमें से कोई भी माल उसके हाथ बेचा है ।

मीयादसमाअत — भारतीय कानून मियाद सन् १९०८ ई० के परिशिष्ट (२) की आर्टि० ....से या आर्टि०.. ......से इस नालिश की तमादीआरिज़ होती है ।

अख्त्यार समाअत — अदालत को इस वजह से (यहां पर वजह लिखनी चहिये) इस मुकद्दमें की समाअत करने का अख्तयार नहीं है ॥

तारीख..... ...माह.........सन्...... ...ई को मुद्दा अलेह ने एक हीरे की अंगूठी मुद्दई को दी और मुद्दई ने अपने दावा की बेबाकी मे उसे स्वीकार कर लिया ।

दीवाला — मुद्दाअलेह दीवालिया करार दे दिया गया है मुद्दई इस नालिशके दायर होने के पहिले दीवालिया करार दे दिया गया था और इसलिये नालिश करने का हक रिसीवर को था ।

नाबालिग — उक्त मुआहिदा करते समय मुद्दाअलेह नाबालिग था ।

अदालतमेंअदा किया गया — मुद्दाअलेह ने कुल दावा के बाबत (या मुबलिग.....) रुपया की बाबत जो कि दावा का एक हिस्सा है या जैसी कुछ भी अवस्था हो ... ...) रु० अदालत में दाखिल करदिए हैं और उसका यह निवेदन है कि इस रुपयेसे मुद्दईके दावा की (या उसके उक्त अश की) बेबाकी हो जाती है

तामीलमुआहिदासे दस्तबर्दारी — उक्त मुआहिदे की तामील से तारीख ... ... को दस्तबर्दारी की गई है

मुआहिदाकी मसख़ी मुद्दई और मुद्दाअलेहके बीच, हुए इक़रारनामाके अनुसार मुआहिदा तारीख़ को मसूख़ किया गया।

प्राङ्न्याय Resjudiata — अमुक डिकरीके कारण मुद्दई का दावा दायर नही हो सकता (यहा पर हवाला देना चाहिए)।

रुकावट Estoppel — मुद्दई इस बातसे इनकार नही कर सकता (यहां पर वे बातें लिखना चाहिए जिनकी विनापर रुकावट पेश कीगई है) क्योंकि ...... (यहा पर वे बाते लिखनी चाहिये जिनके आधार पर रुकावट Estoppel का प्रश्न उठाया गया है)।

नालिश होने के बाद बचावमें पेश की जानेवाली बातें — चूंकि नालिश दायर होने के बाद से, अर्थात तारीख़ ... .. माह ... सन् .. . ई० से (यहां पर उन बातोंको लिखना चाहिए जो बाद दायर होने नालिश के हुई)।

नोट—बयान तहरीरीका मसविदा तैयार करते समय आर्डर ६ के नियमों को हमेशा ध्यानमे रखना चाहिये। आर्डर ८ मे बतलाये हुये नियमोंको ध्यान पूर्वक पढ जाना चाहिये। बयान तहरीरीके लिये देखो पेज ६४

ज़ाबता दीवानीके जमीमा न० (ए) मे हर प्रकारकी नालिशोंमे दाख़िल किये जाने वाले अर्जीदावा और तहरीरी बयानोंके नमूने बतलाये गये है और आर्डर ६ रूल ४ मे यह बतलाया गया है कि उन अवस्थाओंमे जहा पर उनका प्रयोग होता है और उन अवस्थाओमे भी जहां पर कोई उपयुक्त कार्यका नमूना न हो, जहां तक सम्भव होगा प्लीडिङ्गस के लिये इन्ही नमूनों को काम मे लाया जायगा।

---

२ नालिश बाबत बक़ाया लगान

बअदालत जनाब मुन्सिफ़ साहब बहादुर बिसवां जिला सीतापुर मु० सीतापुर
नालिश बाबत लगान। नम्बरी १२७९ सन् १९२६ ई०

प० मनीराम उमर ४५ साल वल्द टीकाराम क़ौम ब्राह्मण पेशा जमीदारी साकिन मौजा सरैया थाना कमालपुर जिला सीतापुर... .. मुद्दई

बनाम

प० हरीनाथ उमर ६० साल वल्द मगलदत्त क़ौम ब्राह्मण पेशा काश्तकारी साकिन मौजा पतारा थाना कमालपुर जिला सीतापुर ... मुद्दाअलेह

दावा दिलापाने मुबलिग .... ' रु० बाबत बक़ाया लगान।

मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है —

१ यह कि मुद्दई मौजा पताराका जमीन्दार है जो इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (हद अख़्तयार समाअत) मे वाक़ै है और वह उस मौजेका दख़ीलकार क़ब्जेदार है और असामियोंसे लगान वगैरा की तहसील वसूल करता है।

२ यह कि मुद्दाअलेह, मुद्दईकी ···· ··आराज़ी का, जो उक्त मौज़ेमे वाकै है, ··· ···· ···रु० सालाना लगान पर, जो हर साल चार बराबर किस्तोंमे वाजिबुल-अदा है जोतिया है।

उक्त जोत की चौहद्दी परिशिष्ट (ब) में बतलाई गई है जो इस अर्ज़ीदावा के साथ नत्थी हैं।

३ यहकि मुद्दईको उक्त जमाकी जमाबन्दी पर क़ानूनके अनुसार······आना फी रुपया के हिसाबसे अबवाब (महसूल) की तहसील करनेका अधिकार है।

४ यह कि उक्त जमाकी जमाबन्दी, अबवाबके हिसाबका नक़शा अर्जीदावाके परिशिष्ट (अ) में दिया गया है ।

५ यह कि मुद्दाअलेहने अदा कर सकनेके क़ाबिल होते हुए और बिना किसी मुनासिब वजहके होते हुये भी लगान और अबवाब की बक़ाया अदा नही की है जैसा कि परिशिष्ट (अ) में बतलाया गया है, यद्यपि मुद्दईने उससे बार बार यह रुपया तलब किया।

६ यह कि ऊपर बतलाये कारणों से मुद्दई बक़ाया रुपये के अलावा उस बक़ायाका २५ फीसदी बतौर हर्जाके दिला पानेका हक़दार है।

७ यह कि उसके दावा की बिनाय मुख़ासमत उक्त मौजा पतारा में, जो इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (हद अख़्यार समाअत) में है, हर साल की हर एक क़िस्त की मियाद गुज़र जानेके बाद पैदा हुई है।

८ अख़्यार समाअत तय करनेके लिए इस नालिशकी मालियत दावा ३७॥) ········रु० है और कोर्ट-फीसके लिए भी यही मालियत है।

९ मुद्दईका दावा है कि मुद्दाअलेहके ऊपर ··· ··· ··· रु० की जिसमे अबवाब और हर्जानाकी रक़म शामिल है, मय व्याज ··· ··· रु० सैकड़ा सालाना रुपएकी वसूलयाबी हो जाने तक और मय खर्चा इस नालिशके डिकरी दीजाय।

परिशिष्ट (अ)

हिसाब

	लगान	अबवाब	वसूल	बक़ाया
सन् १३२८ फसली	८) रु०	।) आना	३) रु०	५।) रु०
सन् १३२९ "	८) रु०	।) आना		८।) रु०
सन् १३३० "	८) रु०	।) आना		८।) रु०
सन् १३३१ "	८) रु०	।) आना		८।) रु०
				३०) रु०
			हर्जा	७॥) रु०
			दावाकी रक़म	३७॥) रु०

परिशिष्ट (ब)

आराज़ीकी चौहद्दी और तफसील

[जबकि आराजी किसी ऐसे रकबेमें वाक़े हो जिसकी खेवट तैयार होगई हो और वह प्रकाशित होगई हो तो जोतका नम्बर, सिलसिला सर्वेके खेतोंकी फेहरिश्त, वग़ैरा भी देना चाहिए]

मै उक्त मनीराम मुद्दई सच सच यह तस्दीक़ इज़हार करता हूँ कि अर्जीदावाके पैरा १, २, ३, ४, ५ में लिखी हुई बातोंको मै खुद जानता हूँ कि वे सही है और बाकी पैराग्राफोंमे लिखी हुई बातें मेरी इत्तला और यकीन के ऊपर लिखी गई है और मुझे उनकेभी सही होनेका यकीन है आज तारीख़ ... माह ' सन् '' ' ई० को बवक्त . बजे दिनके (अपने मकान) पर इस तस्दीक़के ऊपर दस्तख़त करता हूँ। दस्तखत और तस्दीक़के लिए देखो पेज १३।१४

मनीराम
(दस्तख़त मुद्दई)

उपरोक्त नालिशमें दाखिल किया जाने वाला बयान तहरीरी

बअदालत जनाब मुंसिफ़ साहब बहादुर बिसवां जिला व मुक़ाम सीतापुर
(उनवान मुक़द्दमा)

नालिश बक़ाया लगान नं० १२७९ सन् १९२६ ई०

उपरोक्त नालिशमें मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह कि मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करने के लिये कोई कारण व हक़ नही है।

२ यह कि फरीक़ैनके बीच जमीदार और असामीका कोई रिश्ता नही है, और यह कि वह इस बातसे इनकार करता है कि वह मुद्दईकी ' ..... रु० जमा की जमीन जोते है या कभी जोते रहा है।

३ यह कि नालिश मय खर्चे के खारिज होनी चाहिए और खर्चा दिलाया जाना चाहिए।

तस्दीक़ (देखो पेज १३।१४)

[दस्तखत मुद्दाअलेह]

(या आवश्यकतानुसार नीचे लिखी बाते जवाबदावामे पेशकी जा सकती है।

१ यहकि अर्ज़ीदावाके पैरा ···में बतलाई गई बातोंसे मुद्दाअलेह इन्कार करता है और मुद्दईसे उनका सुबूत तलब करता है और यहांके और तमाम दूसरी बातों की निस्बत जो कही गई हैं और जिनकी निस्बत इसके आगे खास तौर पर इन्कार नहीं कीगई है, यह समझना चाहिए कि वे इक़बाल नहीं कीगई हैं।

२ यह कि जो जोत उसके क़ब्ज़ेमे है वह मुक़र्ररी जोत है और वह खतियान नं० ···· में बतौर मुक़र्ररी जोतके दर्ज है और वह सरसरी रैय्यती जोत नहीं है जैसा कि अर्ज़ीदावा मे बतलाया गया है।

३ यह कि उसकी जोतका लगान जमाबन्दी में···· · ··· रु० है, जैसा कि ऊपर बतलाए हुए खतियानमे दर्ज है,· · ·· · रु० नहीं जैसा कि अर्ज़ीदावामें बतलाया गया है।

४ यह कि मुद्दई अदम तामीलके ऊपर अवध रेण्ट ऐक्ट की दफ़ा ·········के अनुसार बज़रिये नालिश, लगान वसूल पानेका हक़दार नहीं है।

५ यह कि ···· ·····उस जोतके शरीकदार, काश्तकार हैं और मुद्दाअलेहके साथ साथ वे लोग भी उस आराज़ी पर क़ाबिज हैं और इसलिए बिना उनको फ़रीक़ मुक़द्दमा बनाए, नालिश क़ाबिल समाअत नहीं है।

६ यह कि··· ··· ···रु० के लगानमें अबवाबकी रक़म भी शामिल है और इसलिये अलगसे अबवाब अदा न होना चाहिए।

७ यह कि मुद्दाअलेह ऊपर बतलाई दर (शरह) पर लगान अदा करने के लिए हमेशा तैयार था और अब भी तैयार है, लेकिन मुद्दईके गुमाश्ता ··· ···— ने उस समय तक लगान लेनेसे इन्कार कर दिया जब तक कि मुद्दाअलेह ग़ैर क़ानूनी इज़ाफ़ा लगानके लिए राज़ी न हो जाय।

८ यह कि मुद्दाअलेह ने उक्त आराज़ीका लगान तारीख़ ······ को ········ के सामने पेश किया और उसे लगानके मनीआर्डरसे भी भेजा जो बिना किसी उचित कारणके वापस आया और यह कि ऐसी दशामें मुद्दई किसी हर्जा या मुक़द्दमेका ख़र्चा दिलापानेका हक़दार नहीं है।

---

२ नालिश बाबत तमस्सुक सादा

[अदालत और फ़रीक़ैन वग़ैराका हवाला ऊपर बतलाए अर्ज़ीदावा नं० १ की तरह पर ही लिखना चाहिए]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ यह कि तारीख़ १२ मार्च सन् १९१४ ई० को मुद्दईने २००) रु० मुद्दाअलेह को १८) रु० सैंकड़ा सालाना ब्याजकी दर पर क़र्ज़ दिए मुद्दाअलेह ने बाक़ायदा तौर पर एक तमस्सुक मुद्दईके हक़में तहरीर कर दिया जिसकी रजिस्ट्री भी होगई। उक्त तमस्सुक इस अर्ज़ीदावाके साथ नत्थी है।

२ यह कि सिवाय १०) रु० के जो तारीख़ ११ जनवरी सन् १९१४ ई० को ब्याजकी मदमें अदा किए गए थे, मुद्दाअलेह ने क़र्ज़े का रुपया अदा नहीं किया है।

३ यह कि उपरोक्त तमस्सुक की बाबत ... ...) रु०, बाद मिनहाई उस ऊपर बतलाई रक़मके जो ब्याज की निस्बत अदा कीगई है, मुद्दईको मुद्दा-अलेह से अब भी वाजिबुल वसूल है, जिसका हिसाब नीचे दिया जाता है, और यह कि बार-बार तलब किए जाने पर भी मुद्दाअलेहने वह बाकी का रुपया अदा नहीं किया है।

४ मुद्दईकी इस नालिशकी बिनाय मुखासमत तारीख़ १ मार्च सन् १९१५ ई० को मुक़ाम ... ... मे, जो कि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (हद्द अख़्तयार समाअत) मे है, मुद्दाअलेहके उक्त तमस्सुककी बाबत वाजिब रुपए के अदा न कर सकने पर पैदा हुई।

५ इस नालिशकी मालियत दावा, अधिकार-क्षेत्र (अख़्तयार समाअत) के अन्दर ... ... रु० है और कोर्ट-फीस भी इसी रक़म पर लगाया गया है।

६ मुद्दई प्रार्थी है—

(अ) कि मुद्दाअलेहके ऊपर ... ... रु० की मय ब्याज बशरह ६) रु० सैकड़ा सालाना, नालिश होनेकी तारीखसे रुपया वसूल होजाने की तारीख़ तक, डिकरी दीजाय। और

(ब) यह कि मुद्दाअलेह के ऊपर इस नालिशके खर्चे की डिकरी दी जाय, और

(स) दूसरी ऐसी दादरसी दिलाई जाय जिसे अदालत मुनासिब समझे।

हिसाब—

(तस्दीक़ और दस्तख़त अर्जीदावा न० १ में बतलाए अनुसार)

उपरोक्त नालिशमें दाखिल किया जाने वाला बयान तहरीरी

अदालत और फरीक़ैन वगैराका हवाला ऊपर बतलाए अर्जीदावा नं० १ की तरह पर दिया जाना चाहिए।

मुद्दाअलेह ऊपर बतलाई हुई नालिशके सम्बन्धमें नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है—

१ यह कि मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करने का कोई कारण व हक़ नहीं है।

२ यह कि मुद्दई ने जो हिसाब बतलाया है वह सही सही नहीं है और उसने उस रक़मके अलावा जिसका अदा किया जाना अर्जीदावामें स्वीकार किया गया है नीचे लिखी रक़मे जो अदा की है मुजरा नहीं दी है (यहां पर अदा किये गये रुपए क तादाद और उसकी अदायगीकी तारीखें लिखो)

३ यह कि मुद्दाअलेह ········ रु० की रकम, बाबत कीमत उस मालके जो बेचा गया और मुद्दईके हवाले किया गया है, मुजरा पानेका हक़दार है (यहां पर वे सब बातें लिखनी चाहिये)

४ यह कि कुल रुपएकी बाबत (या ' ········ रुपएकी बाबत, जो कि दावाकी रकमका एक हिस्सा है) मुद्दाअलेहने नालिश दायर होनेके पहिले ········ रु० अदा करने के लिए पेश किये थे और उसने वह रकम अदालतमें दाखिल करदी है।

या

५ यह कि मुद्दाअलेहने कोई भी रुपया बाबत व्याजके अदा नही किया और न उसकी बेबाकी तमस्सुककी पीठ पर लिखवाई जैसा कि अर्जीदावामें बतलाया गया है और कानून मियादके आर्टि० ········ के अनुसार इस नालिशकी तमादी आरिज़ होगई है।

या

६ यह कि मुद्दाअलेहको इस बातसे इन्कार है कि उसने ··· ······ रु० की रकम कर्ज़ ली और उसके लिये तमस्सुक लिखा, जैसा कि बतलाया जाता है ।

७ यह कि मुद्दाअलेहका विश्वास है कि मुद्दईने ··· · · · के भड़काने पर, जिससे मुद्दाअलेहकी अदावत है (यहां पर अदावत पैदा होनेका कारण इत्यादि लिखना चाहिये) एक जाली तमस्सुकके ऊपर यह नालिशकी है।

८ यह कि नालिश मयखर्चेके खारिजकी जाय और खर्चा दिलाया जाय।

(तस्दीक़ और दस्तखत)

[देखो पेज १३।१४]

---

४ नालिश बाबत रुक्का (प्रोनोट)

[अदालत और फरीकैन मुकद्दमाका हवाला अर्जीदावा नं० १ मे बतलाये अनुसार]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह कि मुद्दाअलेहने तारीख १ जनवरी सन् १९२७ ई० को एक रुक्का बाबत २५०) रु० के मुद्दईके हकमें लिख दिया और रुपयेके वसूल न हो जाने तक असल रुपये पर १२) रु० सैकड़ा सालानाके हिसाबसे व्याज देनेका इकरार किया। मुद्दाअलेहने यह भी इकरार किया कि वह तलब किये जाने पर कुल असलका रुपया मय व्याजके अदा कर देगा। रुक्का इस अर्जीदावाके साथ नत्थी है।

२ यह कि " ······ रु० की रकम, जो इस अर्जीदावाके परिशिष्ट (अ) में बतलाई गई है, मुद्दई को मुद्दाअलेहसे वाजिबुल वसूल है।

३ यह कि रुपया अदा कर सकनेकी सामर्थ्य रखते हुये भी मुद्दाअलेहने जो रुपया उसे वजिबुल अदा है अदा नही किया, यद्यपि मुद्दईने इसके लिए बार-बार तकाज़ा किया।

४ इस नालिशकी विनाय मुखासमत तारीख़ · ··· (जिस तारीखको रुक्का लिखा गया था) और उसके बादकी तारीखोंको, जिस समयकि मुद्दाअलेह रुपया अदा करनेसे इनकार कर दिया, बमुकाम · ·· जो कि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (हद अख्तियार समाअत) मे है, पैदा हुई।

५ [जैसा कि अर्जीदावा न० १ में बतलाया गया है]

६ मुद्दईका दावा है कि मुद्दाअलेह के ऊपर ·· · ·· ··· रु० की मय सूद (ब्याज) बशरह ··· · रु० सैकड़ा सालाना, नालिशकी तारीखसे लेकर रुपया वसूल होजानेकी तारीख़ तक, और मय खर्चाके डिकरी दी जाय।

परिशिष्ट (अ) (तस्दीक़ अर्जीदावा नं० १ मे बतलाये अनुसार)

उपरोक्त नालिशमें दाखिल किया जानेवाला बयान तहरीरी

[अदालत वगैराका हवाला अर्जीदावा न० १ मे बतलाये अनुसार]

ऊपर बतलाये मुकदमेंमे मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह कि मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करने का कोई कारण व हक़ नही है।

२ यह कि मुद्दाअलेहने वह रुक्का, जिसकी निस्बत नालिश है, नही लिखा है जैसा कि मुद्दईने बयान किया है।

३ यह कि यह नालिश उस वैमनस्यके कारण दायर कीगई है जो फरीकैन के बीचमे है।

४ यह कि मुद्दईने यह नालिश सिर्फ मुद्दाअलेहको परेशान करनेके इरादेसे दायरकी है।

५ यह कि नालिश मय खर्चेके खारिजकी जाय और खर्चा दिलाया जाय।

[तस्दीक़ और दस्तखत]

(देखो पेज १३।१४)

---

५ नालिश बाबत उस मालके जो बेंचा और हवाले किया गया

[अदालत और फरीकैन वगैराका हवाला न० १ में बतलाए अनुसार]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह कि तारीख़ ५ फ़रवरी सन् १९१८ ई० को · ·· ··· ···ने इस अर्जीदावाके साथ नत्थी परिशिष्ट मे बतलाया हुआ माल मुद्दाअलेहके हाथ बेचकर उसके हवाले किया।

२ यह कि मुद्दाअलेहने वादा किया था कि वह माल हवाले कर दिये जाने पर ______ रु० बाबत कीमत उस मालके अदा कर देगा।

३ यह कि मुद्दाअलेहने वह रुपया अदा नहीं किया जो उसके और ······, के बीच तय हुआ था, यद्यपि ······ ···ने इसके लिये बार-बार तक़ाज़ा किया।

४··· ······की तारीख़ ··· ······ सन् १९१४ई० को मृत्यु होगई । अपनी आख़िरी वसीयतके जरिये उसने अपने भाई, अर्थात् मुद्दईको अपना साधक (तामील कुनिन्दा वसी) नियत किया ।

५ यह कि इस नालिशकी बिनाय मुखासमत तारीख़ ··· ··· · · को (माल हवाले किये जाने पर मुद्दाअलेहके उस मालकी कीमत अदा न कर सकने पर) मुक़ाम ··· ······ में, जो इस अदालतके अधिकार-क्षेत्र (हद अख़्तियार समाअत) के भीतर है, पैदा हुई ।

६ अख़्तियार समाअत और कोर्ट फ़ीसके लिये इस नालिशके दावाकी मालियत··· ·······रु० लगाई गई है।

७ मुद्दई··· ·······रु० की डिकरी मय सूद बशरह ६) रु० सैकड़ा सालाना नालिशकी तारीखसे रुपया वसूल होनेकी तारीख़तक और मय खर्चा इस नालिश के दिलापानेके लिये दावेदार है ।

परिशिष्ट

[तस्दीक़ और दस्तख़त]
(देखो पेज १३।१४)

उपरोक्त नालिशमें दाख़िल किया जानेवाला बयान तहरीरी

[शीर्षक नं० १ में बतलाये अनुसार]

ऊपर बतलाए हुए मुक़द्दमेमें मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है·—

१ मुद्दईको, मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करने का कोई कारण व हक नहीं है।

२ मुद्दाअलेहने उस मालके लिए कोई आर्डर नहीं दिया था जो अर्ज़ीदावाके साथ नत्थी परिशिष्ट में बतलाया गया है।

३ माल मुद्दाअलेहको हवाले नहीं किया गया।

४ उस मालकी क़ीमत····· · ·······रु० नहीं थी, जैसा कि अर्ज़ीदावा में बतलाया गया है।

५ मुद्दईकी ओरसे दायर कीगई यह नालिश इस मौजूदा शकलमें क़ाबिल समाअत नहीं है, क्योंकि वह · ··· ·· का साधक (तामील कुनिन्दा) नहीं है।

६ नालिश मय खर्चे के खारिज की जानी चाहिए और मुझ मुद्दाअलेहका ख़र्चा दिला दिया जाना चाहिए।

[तस्दीक़ और दस्तख़त]
(देखो पेज १३।१४)

६ नालिश बाबत इस्तेमाल और क़ब्ज़ा

[अदालत, फ़रीक़ैन वग़ैरा का हवाला अर्ज़ीदावा नं० १ मे बतलाए अनुसार]
उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है.—

१ यह कि मुद्दाअलेह ने मुद्दई के मकान पर, जो कि इस अर्ज़ीदावा के साथ नत्थी परिशिष्ठ मे बतलाया गया है, तारीख़ '' ''माह ' सन् १९२७ ई० तक क़ब्ज़ा व दख़ल रक्खा, और उक्त मकान का इस्तेमाल करने की बाबत अदा की जाने वाली रक़म की निस्बत कोई इक़रारनामा नही किया गया था।

२ यह कि उक्त मकान के उक्त मियाद तक इस्तेमाल मे रखे जाने का उचित दाम ५००) रु० हुआ।

३ मुद्दाअलेहने यह रुपया अदा नही किया है, यद्यपि मुद्दईने इसकी निस्बत बार बार तक़ाजा किया।

४ यह कि इस नालिश की बिनाय मुख़ासमत, मुद्दाअलेह के उस रुपये के अदा न करने पर जो उससे तलब किया गया था, इस अदालत के अधिकार क्षेत्र के भीतर मुक़ाम '''' '' मे तारीख़ माह''' सन् १९२७ ई० को पैदा हुई।

५ (जैसा कि अर्ज़ीदावा न० १ मे बतलाया गया है)

५ मुद्दई ५००) रु० की डिकरी के लिए मय सूद बशरह'''''' रु० सैकड़ा सालाना, नालिश की तारीख़ से रुपया वसूल होने की तारीख़ तक, मय ख़र्चा इस नालिश के दावेदार है।

परिशिष्ट

[तस्दीक़ और दस्तख़त]
देखो पेज १३।१४

उपरोक्त नालिश में दाखिल किया जाने वाला बयान तहरीरी

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह कि मुद्दाअलेह ने उस मकान को उस मुद्दत तक क़ब्ज़े मे नही रखा जो अर्ज़ीदावा में बतलाई गई है।

२ यह कि ५००) रु० की रक़म जो मुद्दई बाबत इस्तेमाल उस मकान के तलब करता है उचित किराया नही है।

३ यह कि मुद्दाअलेह ने तारीख ··· ···को १०) रु० की रकम बाबत इस्तेमाल के उस मकान के अदा किया और वह समझता है कि ऐसी दशा मे यह रकम मुनासिब रकम है।

४ यह कि मुद्दई को इस नालिश के दायर करने का कोई कारण व हक नही है और यह कि इसलिए यह नालिश मय खर्चे के खारिज की जाय व खर्चा मुद्दाअलेह दिलाया जाय।

[तस्दीक और दस्तखत]
देखो पेज १३।१४

---

७ नालिश बाबत तोड़े जाने साझेदारी के

(फरीकैन वगैरा के हवाले के सम्बन्ध में देखो नं० १ अर्जीदावा)
उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है—

१ यह कि मुद्दई और मुद्दाअलेह, गत ग्यारह वर्षों से, एक रजिस्ट्री शुदः इकरारनामा के अनुसार, जो कि तारीख ·· ·· माह····· सन्··· ई० को लिखा गया था और जिसकी रजिस्ट्री ता०·········को हुई थी पुस्तक विक्रेता (बुकसेलर) और प्रकाशक (पब्लिशर) का काम साथ साथ करते आए है।

२ मुद्दई और मुद्दाअलेह के बीच बहैसियत साझीदारों के बहुत से झगडे और मत-भेद उत्पन्न हो गए है, जिनके कारण यह असम्भव हो गया है कि वे साझेदारी में अब उस काम को कर सकें और उससे एक दूसरे को फायदा पहुँच सके।

३ यह कि मुद्दाअलेह ने इस साझेदारी के कार-बारमें होने वाले मुनाफा का अनुचित व्यय (तसर्रुफ बेजा) करके और हिसाब मे जालसाजी करके उन शर्तों का भी उल्लंघन कर दिया है जो उक्त इकरारनामा में बतलाई गई है।

४ यह कि इस नालिश के लिए बिनाय मुखासमत दावा व मुकाम······ ········में (जिस स्थान पर कि साझीदार लोग अपना कार-बार करते है) तारीख ·· ····को (जिस दिन कि मुद्दाअलेह ने पहिले पहल इकरारनामा की शर्तों का उल्लंघन किया था) और दूसरी तारीखों को पैदा हुयी।

५ [जैसा कि अर्जीदावा नं० १ में बतलाया गया है].

६ मुद्दई प्रार्थी है—

(अ) यह कि साझेदारी का कार-बार तोड़ देने के सम्बन्ध में मुद्दाअलेह के ऊपर डिकरी दी जाय।

(ब) यह कि मुद्दाअलेह से हिसाब तलब किया जाय और जो कुछ रकम मुद्दाअलेह के ऊपर वाजिब निकले उसके सम्बन्ध में उसके ऊपर इस नालिश के खर्चे के सहित डिकरी दी जाय।

(स) यह कि दौरान मुकद्दमा मे, इस साझेदारी के कार-बार का उचित प्रबन्ध करने और उक्त कार-बार की बाबत मिलने वाले रुपये को वसूल करने के लिए एक रिसीवर नियुक्त किया जाय।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेंमें दाखिल किया जाने वाला बयान तहरीरी

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ यह कि अदालत को इस नालिश की समाअत (सुनाई) करने का अधिकार नही है क्योकि साझेदारी की सम्पत्ति की मौजूदा मालियत उस मालियत से अधिक है जिसके सम्बन्ध में समाअत करने का अधिकार इस अदालत को है।

२ यह कि अर्जीदावा के पैरा ३ मे लिखी हुई, बाते बिल्कुल झूठी है। मुद्दाअलेह ने साझेदारी के इकरारनामा मे लिखी हुई किसी शर्त का उल्लघन नही किया है और न उसने कोई जाली हिसाब तैयार किया है।

३ मुद्दाअलेह अर्जीदावा के पैरा २ मे लिखी हुई, बातों के सही होने से साफ़ इन्कार करता है और यह निवेदन करता है कि फर्म (दूकान) को मिलने वाले रुपये की तहसील वसूल मुद्दई करता था और वही कार बार का हिसाब-किताब रखता था और यह कि इसलिए मुद्दई इस बात के लिए बाध्य है कि वह सही हिसाब-किताब बनाकर मुद्दाअलेह के सामने पेश करे।

४ यह कि मुद्दई की बहुत सी अनुचित कार्रवाइयो (फेल बेजा) के कारण मुद्दाअलेह ने उससे सही हिसाब-किताब तैयार करके देने के लिए प्रार्थना की लेकिन मुद्दई ने कुछ धूर्त आदमियों के सलाह पर हिसाब दाखिल करने से साफ इन्कार कर दी और उसने बिल्कुल झूठी बातों के आधार पर यह झूठी नालिश दायर की है।

५ यह कि मुद्दई को मुद्दाअलेह के ऊपर यह नालिश दायर करने का कोई कारण व हक नही है।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

८ नालिश बाबत हक़ असायश वास्ते निकलने रास्ता और हुक्म इम्तनाई

[अदालत और फरीकैन का विवरण]

(देखो अर्जीदावा नं० १)

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ मुद्दई एक मकान वाकै ... ...जिसका विवरण इस अर्जीदावा के साथ परिशिष्ट (अ) में दिया हुआ है और इसमें आगे बतलाए हुए समय पर क़ाबिज था।

२ मुद्दई को मय अपने नौकरों के उक्त मकान से खेत .... पर होकर आम रास्ते पर जाने और वहां से उक्त खेत पर होकर उक्त मकान को वापस आने का हक था।... ...रास्ते का मौक़ा जो मकान से खेत.... .... पर होकर गया है, और अन्त में आम... ... .सड़क से जाकर मिल गया है, इस अर्जीदावा के साथ परिशिष्ट (ब) में दिए गए नक़शे में दिखलाया गया है।

३ मुद्दई ने....... रास्ते को खुले तौर पर, शांति के साथ बिना किसी प्रकार की रोक-टोक के और बतौर हक़ के क़रीब २० वर्ष के ऊपर तक इस्तेमाल किया है और इस कारण से उसे उसके ऊपर हक़ आसायश पैदा हो गया है।

४ तारीख़........ माह...... सन् १९.... ... ई० को मुद्दाअलेह ने बेजा तौर पर उक्त रास्ते को, उसके आर-पार टट्टी लगाकर, बन्द कर दिया ताकि मुद्दई उस रास्ते से निकल न सके और तब से उसे बेजा तौर पर बरा-बर बन्द किए है।

५ इस नालिश की बिनाय मुख़ासमत तारीख़ ... .माह....... ...सन् १९ ....ई० को बमुकाम .... जो इसअदालत के अधिकार क्षेत्रमे है, पैदा हुई।

६ [जैसा कि अर्जीदावा नं० १ में बतलाया गया है]

७ मुद्दई प्रार्थी है—

(अ) यह कि मुद्दाअलेह के ऊपर डिकरी दी जाय जिसमें ......रास्ते से होकर मुद्दईके निकलने सम्बन्धी अधिकारकी घोषणा करदी जाय।

(ब) यह कि इस मुक़द्दमेंके ख़र्चेके सम्बन्धमे मुद्दाअलेहके ऊपर डिकरी दी जाय।

(स) यह कि मुद्दाअलेहके ऊपर हमेशा के लिए यह हुक्म इम्तनाई जारी कर दिया जाय कि वह उस रास्तेके सम्बन्धमें, जिसकी निस्बत नालिश दायर की गई है, कोई रुकावट न डाल सके।

परिशिष्ट (अ)

परिशिष्ट (ब) (नक़शा)

(तस्दीक़ और दस्तख़त)

देखो पेज १३।१४

———

उपरोक्त मुक़द्दमें में जवाब दावा

[शीर्षक इत्यादि]

जैसा अर्जीदावा न० १ में है।

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता हैः—

१ मुद्दई को मुद्दाअलेह के ऊपर यह नालिश दायर करने का कोई हक़ व कारण नही है।

२ मुद्दाअलेह अर्जीदावा के दूसरे और तीसरे पैरों मे बतलाई गई बातों की सत्यता को अस्वीकार करता है और निवेदन करता है कि उस रास्ते का, जिसकी निस्बत नालिश दायर कीगई है, कभी भी इस्तेमाल नही किया जैसा कि मुद्दई ने बतलाया है।

३ मुद्दई ने अपना यह मौजूदा मकान सिर्फ़ तेरह साल हुए जब खरीदा था और इसके बाद से वह उसमे रहता है, और इसलिये जिस रास्ते के इस्तेमाल की निस्बत नालिश कीगई है वह बीस साल से ऊपर नहीं हो सकता।

४ यह कि उस रास्ते के इस्तेमालको मुद्दाअलेहने दो साल हुए तेरह महीने के लिये बन्द कर दिया था और सिर्फ़ मुद्दई के खुशामद बरामद करने पर मुद्दाअलेह ने केवल थोड़े समय के लिए उस रास्ते का इस्तेमाल करने के लिये मुद्दई को इजाज़त दे दी थी।

५ यह कि ऐसी दशा मे मुद्दई को उक्त रास्ते के इस्तेमाल के सम्बन्ध मे जिसके लिए नालिशहै, हक़ असायश पैदा नहीं हो सकता और इसलिए उसे हुक्म इम्तनाई जारी करवाने का हक़ नही है जिसके लिये उसने प्रार्थना की है।

६ यह कि जो नक़शा अर्जीदावाके साथ दाखिल किया गया है उसमें बहुत सी बातें गलत हैं और उसमे उसके इर्द गिर्द के स्थानोंका मौक़ा ठीक नही दिखलाया गया है। मुद्दाअलेह इस जवाब दावा के साथ एक नक़शा दाखिल करता है जिसमे इर्द गिर्द के स्थानोंका, उस रास्ते का, जिसकी निस्बत नालिशहै, मौक़ा ठीक २ दिखलाया गया है।

७ यह कि मुद्दई ने यह झूठी नालिश मुद्दाअलेह को परेशान करने के लिये दायर की है, क्योंकि उनके (फ़रीक़ैन के) बीच आपस मे कुछ झगड़ा है।

८ चूंकि मुद्दई ने रास्ता मुतनाजा का इस्तेमाल इस नालिशके दायर किये जाने के पहिले बीस साल तक नहीं किया, इसलिये इस नालिश की तमादी आरिज होगई है।

९ यहकि नालिश मय खर्चेके खारिज होनी चाहिये और खर्चा दिला दिया जाना चाहिये।

नक़शा [तस्दीक़ और दस्तखत]

देखो पेज १३। १४

६ अदावतन् मुक़द्दमा चलाए जानेकी बाबत नालिश

[फ़रीक़ैन वग़ैरा का हवाला अर्ज़ीदावा नं॰ १ मे देखो]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ तारीख़ ··· माह ·· सन् ··· ई॰ को मुद्दाअलेह ने ख़यानत मुजरिमाना के झूठे अभियोग के ऊपर मुद्दई की गिरफ्तारी के लिए एक वारण्ट गिरफ्तारी ···· डिपुटी मजिस्ट्रेट की अदालत से हासिल किया और इसके परिणाम स्वरूप मुद्दई गिरफ्तार किया गया और दो दिन क़ैद मे रखा गया और अपनी रिहाई के लिये उसने ·· ·· रु॰ की ज़मानत दाख़िल की।

२ यह कार्रवाई मुद्दाअलेह ने अदावतन् और विना किसी उचित अथवा सम्भव कारण के की।

३ तारीख़ ··· माह ·· सन् ··· ई॰ को उपरोक्त डिपुटी मजिस्ट्रेटने मुद्दाअलेह का इस्तग़ासा खारिज कर दिया और मुद्दई को बरी कर दिया। उक्त फ़ौजदारी अदालतके फैसलेकी तस्दीकशुदः नकल इसके साथ दाखिलकी जाती है।

४ उक्त गिरफ्तारी के कारण मुद्दई को, जनताकी निगाहोंसे गिर जानेके अतिरिक्त, बहुत कुछ शारीरिक और मानसिक कष्ट उठाना पड़ा और वह अपना कार बार भी नही कर सका, और उसकी साख को भी बहुत कुछ धक्का पहुंचा और उसे उक्त क़ैद से रिहाई पाने और उक्त इस्तग़ासे के खिलाफ़ पैरवी करने मे खर्चा उठाना पड़ा।

५ यह कि इस नालिश के लिये विनाय मुखासमत तारीख़ ··· को मुकाम ······मे, जो इस अदालत के अधिकार क्षेत्र के भीतर है, पैदा हुई।

६ ऐसी दशा में मुद्दई ६००) रु॰ बाबत हर्ज़ा के, जो उसे शारीरिक और मानसिक कष्टों के कारण और कार बार (व्यापार) तथा प्रसिद्ध को हानि पहुचने के कारण हुआ है, और ५००) रु॰ बाबत उस खर्चे के जो उसे उपरोक्त फ़ौजदारी मुक़द्दमे की पैरवी मे उठाना पड़ा दिला पाने का दावेदार है।

७ अख्तियार समाअत और कोर्ट फ़ीस के लिये दावा की मालियत ११००) रु० लगाई गई है।

८ मुद्दई दावा करता है—

(अ) यह कि मुद्दई के हक़ में मुद्दाअलेह के ऊपर ११००) रु॰ की डिकरी मय खर्चे के दीजाय।

(ब) यह कि अदालत कोई भी दूसरी दादरसी दिला सकती है जो वह ऐसी अवस्था मे उचित समझे।

[तस्दीक़ और दस्तखत]

देखो पेज १३। १४

उपरोक्त मुकद्दमेमें जवाब दावा

[शीर्षक फरीकैन वगैरा]

उपरोक्त मुकद्दमेमें मुद्दाअलेह नीचे लिखा निवेदन करता है :—

१ मुद्दईको मुद्दालेहके ऊपर इस नालिशके दायर करनेका कोई कारण व हक नही है।

२ मुद्दईको मुद्दाअलेहने बतौर अपने मुख्तार (कारिन्दा) के असामियोसे लगानकी तहसील वसूल करनेके लिए नौकर रखा था। मुद्दईने फरेबसे ..... रु० की रकम, जो उसने असामियोंसे तहसीलकी थी, बेजातौर पर सर्फ करदी और इसलिए मुद्दाअलेहने नेक नीयतीके साथ फौजदारी अदालतमें मुद्दईके ऊपर मुकद्दमा चलाया। मुकद्दमा फैसल करनेवाले मजिस्ट्रेटने यह मुकद्दमा रूयदादके ऊपर नही बल्कि जाबता फौजदारीकी दफा२०३ के अनुसार यह कह कर खारिज कर दिया कि उसकी समाअत अदालत दीवानी द्वाराकी जानी चाहिए।

३ मुद्दई एक संदिग्ध आचरण (मशकूक चाल चलन) का आदमी है और समाजमे उसकी कोई प्रतिष्ठा नही है, क्योंकि वह सन् १९०७ ई० में ख़यानत मुजरिमानाके अभियोगमे फौजदारी अदालतसे सज़ा पाचुका है।

४ मुद्दईको फौजदारी मुकद्दमेंकी पैरवी करनेमें ५००) रु० का खर्चा नही उठाना पड़ा, क्योंकि उसकी पैरवी एक मुख्तारने की थी।।

५ मुद्दई कोई हर्जा दिला पानेका हकदार नही है, क्योंकि उसके पहिलीबार सजा पाजानेके कारण जनताकी निगाहोंमें समाजसे उसकी प्रतिष्ठा पहलेही उठ जाचुकी है और यह कि यह दावा अधिक है।

६ यह कि नालिश मय खर्चेके खारिजकी जानी चाहिए। और मुद्दालेहका खर्चा दिला मिलनेका हुक्म होना चाहिए।

[तसदीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

---

१० वसीके ऊपर नालिश, बाबत दिलापाने उस आमदनी के जो वसीयतनामेंमें बतलाई गई है

[शीर्षक फरीकैन वगैरा]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है :—

१ " ' साकिन " जिला की तारीख माह "' सन् १९ ' ई० को मृत्यु होगई। उसने अपने तारीख ..."माह' ......सन् १९ " ई० को लिखे गए आखिरी वसीयत नाक़ीम

जरिये मुद्दाअलेहको अपना वसी मुकर्रर किया और अपनी सारी जायदाद, मनकूला और गैर-मनकूला अपने वसीके नाम वसीयत करदी है, कि वह उससे होने वाली आमदनी और उसके लगानको मुद्दईको जिन्दगीभर अदा करता रहे और बाकीको उसके मरजानेके बाद, मवसी के कानूनी वारिसोको।

२ यह वसीयत मुद्दाअलेहने तारीख ······ माह ······ सन् १९···ई० को··· ··· के जिला-जजकी अदालतमें बाकायदा तौरसे साबित कर दी थी।

३ मरनेके समय मवसी (Testator) जायदाद मनकूला और गैर-मनकूलाका हकदार था, मुद्दाअलेहने जायदाद गैर-मनकूलाके लगानकी रसीद लिखदी और जायदाद मनकूला उसको मिल गई, उसने जायदाद गैर-मनकूलाका कुछ हिस्सा बेच लिया और उस जायदाद का ठीक ठीक हिसाब दाखिल नही किया, यद्यपि मुद्दईने तारीख ·····को उसे तलब किया।

४ यह कि इस नालिशकी बिनाय मुखासमत (मुद्दाअलेहके ठीक ठीक हिसाब दाखिल न करने पर) तारीख ··· ··· को बमुकाम ··· · · पैदा हुई जो कि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है।

५ जैसा कि नं० ९ के पैरा ८ में है।

६ मुद्दईका दावा है—

(१) कि ··· ··· की जायदाद मनकूला और गैर मनकूला का प्रबन्ध इस अदालतमें किया जाय और इस कामके लिए तमाम मुनासिब हिदायतें दी जांय और हिसाब लेलिया जाय।

(२) और भी ऐसी कोई दादरसी दिलाई जाय जो इस मुकद्दमेंमें मुनासिब मालूम हो।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पज १३.१४

उपरोक्त मुकद्दमेंमें जवाब दावा

[शीर्षक फरीकैन वगैरा]

मुद्दाअलेहका नीचे लिखा निवेदन है:—

१ मुतौफी मवसी (वसीयत कुनिंदा) ·····के वसीयतनामामें कर्ज़की रकम भी तहरीर थी, जिस समय वह मरा है उस समय वह दिवालिया हो गया था, उसके मरने पर वह कुछ जायदाद मनकूलाकी निस्बत कर्जदार था जिसे मुद्दाअलेहने बेच डाला और जिससे कुल ···)रु०की आमदनी थी और मवसीके पास कुछ जायदाद मनकूला थी जिसे मुद्दाअलेहने अपने कब्जेमें ले ली और जिससे कुल ··· · ···) की आमदनी होती थी।

२ मुद्दाअलेहने उपरोक्त कुल रुपया और ......) रु० की रकम, जो कि मुद्दाअलेहको उस जायदाद गैर मनकूलाके लगानके निस्वत वसूल हुई थी, क्रिया-कर्म और वसीयत लिखने आदि कामोंमे और मवसीके कुछ कर्जा अदा करनेमें खर्च कर डाला।

३ मुद्दाअलेहने अपना हिसाब ठीक करके उसकी एक नकल तारीख माह सन् १९ ई० को मुद्दईके पास भेज दी और मुद्दईको इस बातका पूर्ण अधिकार दे दिया कि वह इस हिसाब-किताबकी जांच करनेके लिए वाउचरोंको देख लें, लेकिन उसने मुद्दाअलेहकी इन बातोंको स्वीकार नहीं किया।

४ मुद्दाअलेहकी प्रार्थना है कि मुद्दईको इस मुकद्दमेका खर्चा अदा करनेका हुक्म हो और दावा खारिज हो।

(तस्दीक और दस्तखत)

देखो पेज १३।१४

---

११ दस्तावेज रेहननामाके ऊपर नीलाम या बैबात की बाबत नालिश

[शीर्षक फरीकैन वगैरा]

उपरोक्त मुद्दईका नीचे लिखे अनुसार निवेदन है:—

१ मुद्दई उस आराजीका मुर्तहिन है जो कि मुद्दाअलेहकी मिल्कियत है और जो इस अर्जीदावाके साथ लगी हुई सूची (फेहरिस्त) (अ) मे तफ़सीलवार दिखलाई गई है।

२ रेहननामाकी खास २ बाते नीचे लिखे अनुसार है —

(क) तारीख ३० जून सन् १९१२ ई० को मुद्दाअलेहने एक बाकायदा दस्तावेज रेहननामा बहक मुद्दई ...) रु० की निस्वत, जो कि मुद्दईने उसे कर्ज दिये थे, लिख दिया जिसके जरिये सूची (अ) में बतलाई हुई जायदाद रेहन कर दी।

(ख) [राहिन और मुर्तहिनके नाम]

(ग) [जो रुपया लिया गया हो]

(घ) [व्याजकी दर]

(ङ) [जायदाद मरहूना) जो कि सूची (अ) में बतलाई गई है।

(च) अब ...) रु० की रकम मुद्दईको मुद्दाअलेहसे बाबतअसल मय सूदके, जैसा कि अर्जीदावाके साथ लगी हुई सूची (ब) में ,साब दिया हुआ है, वाजिब है

(छ) [अगर मुद्दईको उस जायदादकी हकीयत किसी दूसरे शख्ससे हासिल हुई है तो यहां पर सक्षेपमें लिखना चाहिये कि किस मुतक्किलीके जरिये उसे दावाका यह हक हासिल हुआ है]

३ मुद्दईके बार-बार मांगने पर भी मुद्दाअलेहने उस रुपयेको जो वाजिब है, अदा नहीं किया ।

४ इस नालिशके लिए मुद्दईकी विनाय मुखासमत तारीख'''को [जो तारीख वास्ते अदायगी रुपया दस्तावेजमें बतलाई गई है] बमुकाम ' ''' पैदा हुई जो कि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है

५ मुकद्दमाकी मालियत दावा वास्ते अख्तियार समाअत ''' ''') रु० है और कोर्ट-फीसके लिए ''' ''' ''') रु० है ।

६ मुद्दईका दावा है:—

(क) यह कि मुद्दाअलेहके ऊपर''''') रु० की, मय खर्चा मुकद्दमा और सूद आयन्दा बशरह मुन्दर्जे दस्तावेज दिनों पर, एक प्रारम्भिक डिकरी दी जाय, और यह कि उस डिकरीमें उस रकमकी, जो कि वाजिबुलअदा है, अदायगीके लिये एक समय नियत कर दिया जाय, और यह कि अगर उस नियत समयके भीतर रुपया अदा न हो तो मुद्दईका कुल रुपया जायदाद मरहूना के नीलामसे वसूल करनेका हुक्म दिया जाय ।

[यहां पर आर्डर ३४, रूल ६ लागू होता है]

देखो पेज १८१

(ख) यह कि अगर नीलामसे वसूल हुई रकम, मुद्दईका कुल रुपया अदा करनेके लिए काफी न हो, तो मुद्दईको यह अधिकार दिया जाय कि वह बाकी रुपयेके लिए मुद्दईके जिस्मके ऊपर डिकरी दिए जानेके लिए दरख्वास्त दे सके ।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

सूची (अ) तफसील जायदाद ।

सूची (ब) हिसाब ।

नोट—अगर नालिश बाबत बैआतके है, तो क्लॉज (६ क) में यह मजमून जोड़ देना चाहिए:—"और अगर नियत समयके भीतर रुपया न अदा किया जाय तो बैआत (और कब्ज़ा) की बाबत हुक्म दिया जाय जिससे मुद्दाअलेहको जायदादकी फकरेहनीका कोई हक बाकी न रहे और मुर्तहिनको आराज़ी मरहूनासे फायदा उठानेका पूरा अख्तियार हासिल हो जाय ।"

उपरोक्त मुक़द्दमेंमें जवाब दावा

[शीर्षक फरीकैन वग़ैरा]

उपरोक्त मुकद्दमेमे मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है —

१ मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करनेकी बिनाय मुखा-समत पैदा नही हुयी है।

२ मुद्दाअलेह इस बातको स्वीकार करता है कि जिस दस्तावेजकी निस्वत नालिश है, वह दस्तावेज उसने लिखा है, लेकिन उसका कहना यह है कि उसे सिर्फ ···) रु० ही बाबत जुज मतालवा उस दस्तावेजकी तकमीलके वक्त मिले है फरीकैनके बीच यह तय पाया था कि मुद्दालेहको दस्तावेजकी तकमीलके वक्त सिर्फ ···)रु० ही मिलेगे और यह कि बाकी रुपया उसे धीरे धीरे, जब २ उसे जरूरत पड़ती रहेगी, मिलता रहेगा लेकिन वास्तवमें मुद्दाअलेहको बकाया रुपया लेनेका कभी भी मौका नही आया।

३ मुद्दईकी नालिश कानून मियादके द्वितीय परिशिष्टके आर्टि० ········के अनुसार तमादी आरिज़ हो गई है।

या

१ मुद्दाअलेहने दस्तावेज़ नही लिखा था या यह कि कानूनके अनुसार उस पर बाकायदा तौरसे गवाही नही की गई थी।

२ रेहन नामाकी मुन्तकिली मुद्दईके नाम नही कीगई थी [अगर एकसे ज्यादा मुन्तकिलियां कीगई है तो यह लिखना चाहिए कि किस मुन्तकिली से इन्कार है]

३ कानून मियादके द्वितीय परिशिष्टके आर्टि०··· ··के अनुसार नालिशकी मियाद आरिज़ होगई है।

४ नीचे लिखी रकमे अदा कीगई है (यहां पर उसकी तफसील और तारीख देनी चाहिए)

५ मुद्दईने तारीख····· ··माह ··· सन ····ई० को कब्जाले लिया था और उस समयसे लगान वसूल कर रहा है।

६ यह कि जिस समय तस्फिया या हिसाब किया गया था उस समय मुद्दईने इस दस्तावेजका रुपया वसूल किया था।

७ मुद्दाअलेहने तारीख··· ·· के दस्तावेज़के जरिये अपने कुल हकूक ···) को मुन्तकिल कर दिया था।

तस्दीक़ और दस्तखत

देखो पेज १३।१४

१२ नालिश बावत दस्तावेज रेहन नामा दखली या गैर-मामूली,

[शीर्षक-फ़रीकैन वग़ैरा]

मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है—

१ (जैसाकि नं० ११ मे है)

२ (जैसाकि नं० ११ में है)

३ मुद्दईने तारीख़······ ·को जायदाद पर कब्ज़ा कर लिया और दस्तावेज की शर्तोंके अनुसार आराज़ीका मुनाफ़ा, या सूद (ब्याज)में मुजरा होगया [या]

यह कि मुद्दईने तारीख़ ······को जायदाद पर कब्ज़ा कर लिया और उस समयसे बतौर मुर्तहिन काबिजके हिसाब देनेको तैयार है और यह कि तस्फ़िया हिसाब होजाने पर [जैसाकि सूची (ब) में जोकि अर्जीदावाके साथ दिखलायी गयी है] उसी रेहन नामाकी बाबत मुद्दईको मुद्दाअलेहसे मिलना है।

४ (जैसाकि नं० ११ के पैर ३ में है)

५ (जैसाकि नं० ११ के पैरा ४ में है)

६ (जैसा कि नं० ११ के पैरा ५ में है)

७ मुद्दईका दावा है कि:—

(क) मुद्दाअलेहके ऊपर एक डिकरी बावत ·····) रु०के मय खर्चा और सूद बशरह ६) रु० सैकड़ा ता० तारीख़ वसूली रुपयेके दीजाय या यह कि जायदादके वासिलातका हिसाब लिया और दस्तावेजमें बतलाए अनुसार उसका इस्तेमाल किया जाय और जो रुपया बाक़ी निकले उसकी निस्बत मय सूद बशरह ६) रु० सैकड़ा सालाना ता तारीख़ अदायगी रुपयाके मुद्दाअलेहके ऊपर डिकरी दीजाय।

सूची(अ) [तफसील जायदाद] तस्दीक और दस्तख़त
सूची (ब) [हिसाब] (देखो पेज १३।१४)

नोट—मुर्तहिन क़ाबिज़को, बहैसियत ऐसे मुर्तहिनके,नीलाम या बैवातका हक़ न होगा, जब तक कि उस दस्तावेजमें प्रकट अथवा अप्रकट रूपसे ऐसी कोई शर्त नहो जो उसे ऐसा अधिकार देती हो [देखो क़ानून इन्तक़ाल जायदादकी दफा ६७] अगर किसी खास शर्तोंसे नीलामका हक़ विशेष अवसर पर काममे लाए जानेके लिएही रख छोड़ा गया है, तो यह रेहन नामा ग़ैर-मामूली समझा जायगा और ऐसी दशामें मुद्दईको अधिकार होगा कि नियत समय पर डिकरीका रुपया अदा नकिए जाने पर वह जायदाद मरहूनाकी नीलामके लिए दरख्वास्त करे।

[दस्तखत और तस्दीक़]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुकद्दमेमें बयान तहरीरी

[शीर्षक फरीकैन वग़ैरा]

मुद्दाअलेहका नीचे लिखे अनुसार निवेदन हैः—

१ मुद्दाअलेहने दस्तावेज मुतनाजाको मुद्दईके हकमें लिखा।

२ मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करने की बिनाय मुखासमत पैदा नही है।

३ भारतीय कानून मियाद सन १९०८ई०के द्वितीय परिशिष्टके आर्टि० ·····के अनुसार इस नालिशकी मियाद आरिज होगई है।

४ नीचे लिखी क़र्ज़ अदा कीगई है, अर्थात्—

३ मार्च सन १९०९ ई० ······	२५०) रु०
७ जून सन १९०९ ई० ······	२५०) रु०
जोड़	५००) रु०

५ मुद्दईने जायदाद मरहूनाके ऊपर तारीख़ ··माह······ सन········ ई० को कब्जा कर लिया था और तबसे लगान और मुनाफ़ाका रुपया लेता रहा है

६ यह कि तारीख़ को हिसाबका तस्फ़िया हुआ था जब कि मुद्दईने क़र्जेके रुपयेकी फारखती करदी थी।

[तस्दीक और दस्तख़त]
देखो पेज १३।१४

---

१३ नालिश बाबत इन्फ़िकाक रेहन

[फरीकैन वगैराकी तफ़सील जैसा कि नं० १ मे है]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है —

१ मुद्दई सूची (अ) में [जोकि इसके साथ नत्थी है] बतलाई गई आराजी का राहिन है जिसका कि मुद्दाअलेह मुर्तहिन है।

२ रेहन नामाकी तफ़सील नीचे लिखे अनुसार हैः—

(क) यह कि मुद्दईने · रु० की निस्बत मुद्दाअलेहके हकमे एक दस्तावेज रेहननामा तारीख़ ····माह ·· सन् ···ई० को लिख दिया था और उसके जरियेसे सूची (अ) मे बतलाई हुई जायदाद रेहन करदी थी।

(ख) जैसाकि न० ११ में है।

(ग) ,, ,, ।

(घ) ,, ,, ।

(ङ) ,, ,, ।

(च) ,, ,, ।

[अगर मुद्दाअलेह मुर्तहिन क़ाबिज़ है, तो नीचे लिखी बातें जोड़दी जानी चाहिये]

३ उक्त दस्तावेज रेहननामामें यह भी इक़रार हुआ था कि मुद्दाअलेह सूची (अ) में बतलाई हुई जायदादको अपने क़ब्जेमें लेलेगा और यह कि उस इक़रारनामाके अनुसार उसने तारीख़......माह.... सन्......ई० को उस पर दख़ल कर लिया और उसके लगान तथा मुनाफ़ाकी तहसील-वसूल करता रहा और हिसाबका ताफ़िया होने पर तारीख़......को यह मालूम हुआ कि असल का रुपया, जोकि उस दस्तावेजके ऊपर लिया गया था, मय सूद वग़ैरह मुन्दर्जे दस्तावेजके अदा कर दिया गया है। और यह कि मुद्दईको सूची (ब) में बतलाए हुए ......रु० की रक़म मुद्दाअलेहको वापस करनी होगी, लेकिन तोभी मुद्दाअलेहने दस्तावेज़ वापस करनेसे इन्कार कर दिया, यद्यपि रुपया उसके सामने पेश कर दिया गया था। दस्तावेज मुतनाज़ाकी एक तस्दीक़शुदः नक़ल इसके साथ नत्थीकी जाती है।

४ यह कि इस नालिशके लिए बिनाय मुख़ासमत तारीख़......को (जब कि मुद्दाअलेहने फ़ारख़ती करके दस्तावेज़ वापस देनेसे इन्कार किया) बमुक़ाम ....पैदा हुई जोकि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है।

५ जैसा कि अर्जीदावा नं० ११ के पैरा ५ में है।

६ मुद्दईका दावा है कि—

(क) सूची (अ) में बतलाई हुई जायदादकी फ़करेहनी करदी जाय और वह जायदाद उसके नाम फिर मुन्तक़िल कर दीजाय और उस पर क़ब्जा दिला दिया जाय।

(ख) दस्तावेज़ मुतनाज़ाके हिसाब किताबकी बाबत मुद्दाअलेहके ऊपर एक डिकरी देदीजाय।

(ग) जो कुछ रुपया मुद्दाअलेहके जिम्मे बाक़ी निकले उसकी बाबत मुद्दाअलेहके ऊपर डिकरी दीजाय और यह कि जिस दस्तावेजकी निस्बत झगड़ा है वह बेबाक हुआ क़रार दिया जाय।

(घ) एक डिकरी बाबत खर्चा मुक़द्दमाके मुद्दाअलेहके ऊपर दीजाय।

(ङ) दूसरी ऐसी कोई औरभी दादरसी दिलाई जाय जैसी कि मुक़द्दमें की ऐसी अवस्थासे अदालतको आवश्यक प्रतीत हो।

सूची (अ) जायदाद जो रेहन कीगई है।

सूची (ब) हिसाब किताब।

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेमें जवाब-दावा

[शीर्षक जैसाकि नं० १ में है]

मुद्दाअलेहका नीचे लिखे अनुसार निवेदन है —

१ मुद्दईके हक़ इन्फ़िक़ाक रेहनकी मियाद, भारतीय क़ानून मियाद सन् १९०८ई० के द्वितीय परिशिष्टकी आर्टि० ' के अनुसार तमादी ख़ारिज होगई है।

२ मुद्दईने जायदादमे अपने कुल हकूक ' '' ''को मुन्तक़िल कर दिये हैं।

३ मुद्दाअलेहने तारीख़'''''' माह ' सन्''' ई० के एक दस्तावेजके ज़रिये जर-रेहन और जायदाद मरहूनामें [जोकि अर्जीदावाके साथ नत्थी सूची (अ) मे बतलाई गई है] अपने कुल हकूक '''''' को मुन्तक़िल कर दिए।

३ मुद्दाअलेहने कभी भी जायदाद मरहूना पर कब्जा नही लिया और न उसका लगान और मुनाफ़ाही वसूल किया।

५ यहकि मुक़द्दमा मय ख़र्चे के ख़ारिज किया जाय और ख़र्चा मेरा दिलाया जाय [तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

---

१४ नालिश बाबत बेदख़ली

[फ़रीक़नकी तफ़सील वग़ैरा जैसा न० १-है]

उपरोक्त मुद्दईका नीचे लिखा निवेदन है'—

१ मुद्दाअलेह मुद्दईकी जमीन अहाता वाक़ै'''' '''पर जिसकी ब्योरेवार तफ़सील सूची (अ) मे जोकि अर्जीदावाके साथमे नत्थी है, बतलाई गई है, बहैसियत रैय्यत, सालाना मुद्दत रैय्यतीके ऊपर क़ाबिज था।

२ यह कि तारीख़ '' माह सन् '' ई० को मुद्दाअलेहने उक्त हाते की ज़मीनको १२) रु० सालाना लगानके ऊपर उस पर मकान बनानेके लिए लेलिया जिसमे वह बादमे रहना चाहता था और उनका इस्तेमाल करना चाहता था।

३ मुद्दईने १५ भाद्र सन् १३१९ फसलीको मुद्दाअलेहको एक लिखित नोटिस इस आशयकी दी कि वह ३० चैत्र सन् १३१९ फसली तक उक्त जमीनको खाली करदे यह नोटिस एक रजिस्ट्री शुद लिफ़ाफ़ामे बजरिये डाक भेजी गई थी। मुद्दाअलेहने यह नोटिस नही ली और वह इस अर्जीदावाके साथ नत्थीकी जाती है बादमे मुद्दईने एक ऐसीही नोटिस उस हाताकी जमीनके ऊपर भी तामील कराई लेकिन मुद्दाअलेने अभी तक उस परसे अपना कब्जा नही छोड़ा है।

४ इस नालिशकी बिना मुख़ासमत बमुक़ाम ' जोकि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमे है तारीख़ '' वैसाखकी प्रतिपदा सन् १३२० फ़सली अर्थात नोटिसमे दिये गए समयकी मुद्दत गुजर जानेके बादकी तारीख़को पैदा हुई

५ जैसाकि अर्जीदावा नं० २ के पैरा ८ में है।

६ मुद्दईका दावा है कि:—

(क) मुद्दाअलेहको बेदखल करके ज़मीन मुतनाज़ा के ऊपर कब्ज़ा के लिये मुद्दईके हक़मे डिगरी दीजानी चाहिये।

(ख) यह कि खर्च की बाबत मुद्दाअलेह के ऊपर डिगरीदीजाय।

(ग) ऐसी कोई दूसरी और दादरसी दिलाई जाये जो इस मुक़द्दमें की ऐसी हालतमे जरूरी मालूम होवे।

सूची (अ)—[तफ़सील ज़मीन]

[तस्दीक़ और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेमें दाखिल किया जाने वाला बयान तहरीरी

[फ़रीक़ैन मुक़द्दमा वगैरा की तफ़सील देखो नं० १]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ यह कि मुद्दई के पास मुद्दाअलेहके ऊपर नालिश दायर करने का कोई हक़ व कारण नही है।

२ मुद्दई ने मुद्दाअलेह पर कोई नोटिस जमीन खाली कर देने के निस्वत तामील नही की जैसा कि अर्जीदावा के पैरा २ में बतलाया जाता है।

३ यह कि मुद्दई का सहोदर (सगा) भाई...... जायदाद मुतनाजा में आठ आनेका हिस्सेदार है और चूंकि वह भाई इस मुक़द्दमें में फ़रीक़ नही बनाया गया है इस लिये उसके फ़रीक़ न बनाये जानेके कारण मुक़द्दमा नही चल सकता है।

४ मुद्दाअलेह को ज़मीन मुतनाजा के ऊपर पक्की इमारत बनाने मे क़रीब १०,०००) रु० खर्च करना पड़ता है और इसलिये उसका निवेदन यह है कि अगर मुद्दई के हक़ मे कब्जा की डिगरी दे दीजायं तो मुद्दाअलेह को अपनी इमारत का खर्चा दिला मिलेगा।

[तस्दीक़ और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

---

१५ क़ानून दादरसी खासकी दफ़ा ६ के अनुसार नालिश

[फ़रीक़ैन मुक़द्दमा वगैराकी तफसील देखो नं १]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ यहकि मुद्दई मौजा...... मे व.क़ै ज़मीनका मालिक है जिसकी ब्योरेवार तफसील सूची (अ) में जो कि अर्ज़ीदावा के साथ नत्थी है और यह कि वह बारह साल से उक्त ज़मीन पर काबिज़ रहा है और उसे बज़रिये अपने नोकरों के जोतता रहा है।

२ यह कि वह इस नालिश के दायर होने के छः महीने पहिले से, उस जायदाद पर काबिज था और यह कि तारीख़ ···माह · सन् ई० को मुद्दाअलेह ने जबरदस्ती उस जमीन पर क़ब्ज़ा कर लिया और उसे जोतने, खोदने व बोने लगा और इस तरह पर मुद्दई को उस जमीन पर से क़ब्ज़ा उठा दिया।

३ यहकि इस नालिशकी बिनाय मुख़ासमत बमुकाम ··· ··· जो कि इस अदालत के अधिकार क्षेत्र में है तारीख़ ·· को (जिस तारीख़ को कि मुद्दई का क़ब्ज़ा उठा दिया गया था) पैदा हुई।

४ जैसा कि अर्जीदावा न० २ के पैरा न० ८ में बतलाया गया है।

५ मुद्दई प्रार्थी है कि—

(क) मुद्दईके हक़मे एक डिकरी बाबत दिलापाने क़ब्ज़ा जायदाद मुतनाजा पर दीजाय।

(ख) यह कि एक डिकरी मुद्दाअलेहके ऊपर इस मुक़द्दमेंके ख़र्चेके बाबत दीजाय।

सूची (अ) [तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेंमें जवाब दावा

[शीर्षक इत्यादि न० १ देखो]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ मुद्दईके पास मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करनेका कोई कारण नहीं है।

२ मुद्दई यह नालिश दायर होनेके पहले महीनेके भीतर या इससे कभी पहले जायदाद मुतनाजाके ऊपर काबिज नहीं था। मुद्दईके मुक़द्दमेकी मियाद ख़ारिज होगई है।

३ मुद्दाअलेहने जायदाद मुतनाजाको तारीख़ ·····माह··· ·····सन् ····· ई० को खरीदा था और उस पर अपने असामियोंके जरिये क़रीब १२ सालसे क़ाबिज़ है।

या यह कि मुद्दाअलेहने उस जायदाद पर बमूजिब उस रेहननामा दखली के क़ब्ज़ा कर लिया जो मुद्दईने उसके हक़मे ५०) रु० के क़र्जेके बदलेमें लिख दिया था।

४ क़ब्ज़ा करलेने और क़ब्ज़ासे अलग कर देनेके सम्बन्धमे मुद्दईने अपने अर्जीदावाके पैरा १ और २ में जो बातें कही हैं वे बिल्कुल झूठी हैं। मुद्दाअलेह या उसके असामियों, किसीने भी मुद्दईको जमीन मुतनाजासे बेदख़ल नहीं किया।

५ यहकि मुक़द्दमा मय ख़र्चेके ख़ारिज किया जाय और ख़र्चा दिलाया जाय।

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

---

१६ नालिश बाबत दिलापाने उस रुपयेके, जो किसी शख्सको उसके हक़के अनुसार मिलना चाहिये था

[तफ़सील फरीक़ैन मुक़द्दमा वग़ैरा न० १ देखो]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है —

१ मुद्दई एक मुस्तक़िल क़ब्ज़ा आराजीका, जोकि मौजा ..... में वाक़े है और जिसकी ब्योरेवार तफसील इस अर्जीदावाके साथ नत्थी सूची (ब) में बतलाई गई है, क़ब्जेदार है। उसको उक्त क़ब्जा आराज़ीकी निस्बत .....)रु० सालाना बाबत लगानके श्री .... को देने पड़ते हैं।

२ मुद्दाअलेह उक्त क़ब्ज़े आराज़ीमें आठ आनाका हिस्सेदार है। चूंकि मुद्दाअलेहने उक्त आराजीके जमीन्दारको लगानके अपने हिस्सेको अदा नहीं किया है, इसलिए उसने मुद्दई और मुद्दाअलेह दोनोंके ऊपर बकाया लगानकी बाबत एक नालिश दायर की। उस नालिशकी तारीख़ ....को डिकरी दे दीगई और उक्त डिकरीकी इजरामें ज़मीन्दारने उक्त आराजीको तारीख़......को नीलाम पर चढ़वा दिया। इस आराज़ीमें अपने हिस्सेको बचानेकी गरज़से मुद्दईने तारीख़ ... ...को मय खर्चा डिकरीका रुपया अदालतमें जमा कर दिया और इस तरह पर उस आराज़ीको इजरामें नीलाम होनेसे बचा लिया। इस तरह पर डिकरीका रुपया अदा कर दिए जानेसे मुद्दाअलेहको फ़ायदा पहुँचा और इसलिए वह उसका आधा हिस्सा मुद्दईको देनेके लिए बाध्य है। उपरोक्त डिकरीकी एक तस्दीक़शुदः नक़ल इसके साथ नत्थीकी जाती है।

३ मुद्दई मुद्दाअलेहके ऊपर १२)रु० सैकड़ा सालाना ब्याजके साथ उस रुपयेके आधेकी जोकि अदालतमें जमा किया गया है, डिकरी दिलापानेका हक़दार है।

४ इस नालिशकी विनाय मुखासमत बमुक़ाम... ...., जो कि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है, तारीख़......को (जिस तारीख़को कि डिकरीका रुपया अदालतमें जमा किया गया था) पैदा हुई।

५ जैसा कि अर्ज़ीदावा नं० २ के पैरा ८ में बतलाया गया है।

६ मुद्दईकी प्रार्थना है कि—

(क) मुद्दाअलेहके ऊपर मय ब्याज ...... रु० की (जैसा कि अर्जीदावाकी सूची (अ) में बतलाया गया है) और मुक़द्दमेके खर्चेकी डिकरी दे दीजाय।

(ख) दूसरी और ऐसी दादरसी दिलाई जाय जो मुक़द्दमेंकी ऐसी हालत में ज़रूरी मालूम हो।

सूची (अ) [हिसाब]

सूची (ब)-[आराज़ी]

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेंमें जवाब दावा

[शीर्षक इत्यादि न ५ देखो]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ मुद्दईको मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करनेका कोई कारण नही है।

२ मुद्दाअलेहने उस आराजाके लगानका अपना हिस्सा जमीन्दारको अदा कर दिया और लगानकी इस नालिशके दायर होनेके पहले उसे उसकी रसीदभी मिलगई थी। इसलिए मुद्दई मुद्दाअलेहसे कोई भी रकम बाबत हिस्सा लगानके दिलापानेका हक़दार नही है।

३ चूंकि मुद्दईने लगानकी डिकरी और इसके अनुसार होने-वाली कुर्की और नीलामके पहले डिकरीका कुल रुपया अदालतमें जमा कर दिया था, इसलिए उसका यह अदा करना अपनी इच्छासे अदा करना है और इसलिए वह मुद्दाअलेह से मुआविजा पानेका हक़दार नहीं है।

४ यह नालिश फ़रीक़ैनमें तनाजा होनेकी वजहसे दायर कीगई है।

५ यह नालिश मय ख़र्चेके ख़ारिजकी जाय और खर्चा दिलाया जाय।

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

---

१७ नालिश वास्ते बटवारा

[शीर्षक इत्यादि न० १ देखो]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ यह कि मुद्दई और मुद्दाअलेह एक सम्मिलित हिन्दू कुटुम्बके आदमी हैं और उस जायदाद पर, जिसकी ब्योरेवार तफ़सील इस अर्जीदावाके साथ नत्थी सूचीमे दीगई है, उनका समिलित अधिकार (मुश्तरका क़ब्ज़ा) है।

२ यह कि उक्त जायदादमे मुद्दई और मुद्दाअलेहके हिस्से बराबर हैं।

३ यह कि उक्त जायदादके प्रबन्धके सम्बन्धमे मुद्दई और मुद्दाअलेहके बीच झगड़ा होने तथा बहुतसे कौटुम्बिक झगडोंके कारण उस जायदाद पर मुद्दई और मुद्दाअलेहका सम्मिलित अधिकार (क़ब्ज़ा मुश्तरका) बना रहना अब बिल्कुल सम्भव नही है।

४ यह कि मुद्दईने तारीख़······ को मुद्दाअलेहके सामने यह प्रस्ताव पेश किया कि उनके (फ़रीक़ैनके) बीच शांतिके साथ आपसमे उक्त जायदादका बटवारा होजाय, लेकिन मुद्दाअलेहने ऐसा करनेसे इन्कार कर दिया।

५ इस नालिशकी बिनाय मुख़ासमत, बमुक़ाम·········जो कि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है, तारीख़·····को (जिस तारीख़को मुद्दाअलेहने बटवारा करनेसे इनकार कर दिया था) पैदा हुई।

६ जैसा कि अर्जीदावा न० २ पैरा ८ मे है।

७ मुद्दईका दावा है कि:—

(१) फरीकैनके हिस्सोंके बमूजिब उक्त जायदादके बटवारेकी डिकरी दे दी जाय और यह कि अदालतकी ओरसे यह बटवारा करनेके लिए एक कमिश्नर नियुक्त किया जाय।

(२) मुकद्दमेका खर्च दिलाया जावे।

[जायदादकी सूची]

(तस्दीक और दस्तखत).

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुकद्दमेमें जवाब दावा

[शीर्षक इत्यादि नं० १ देखो]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है:—

१ यह मुकद्दमा नाकिस है क्योंकि इसमें कुछ आदमी फरीक नहीं बनाए गए हैं और ऐसी दशामें वह अपनी मौजूदा सूरतमे सम्मिलित किये जानेके काबिल नही है, क्योंकि............ .....जो कि उस जायदादमें मुश्तर्का कब्ज़ा रखता है, इस मुकद्दमेंमें फरीक नही बनाया गया है।

२ अर्जीदावाके पैराग्राफ २ मे बतलाई बातें सही नही है, क्योंकि उस जायदादमे मुद्दाअलेहका हिस्सा सिर्फ दो आना है।

३ यह कि अर्जीदावाके साथ नत्थी फेहरिस्तमें बतलाया हुआ किता नं० ५ मुद्दाअलेहकी खुद पैदा की हुई जायदाद है और इसलिये उसका बटवारा फरीकैनके बीच नही हो सकता है।

४ यह कि अर्जीदावाके साथ नत्थी सूचीमें बतलाई गई जायदाद मुश्तर्काकी फेहरिस्त पूरी नही है और यह कि मुद्दईकी नालिश, जो कि एक हिस्सा जायदादके बटवाराकी निस्बत कीगई है, काबिल कायम रहनेके नही है।

५ अर्जीदावाके पैरा४ मे मुद्दईका यह कहना, कि उसने मुद्दाअलेहसे जायदाद मुश्तर्काका आपसमें बटवारा कर लेनेकी दरख्वास्त की, सही नही है।

६ यहकि मुकद्दमा मय खर्चेके खारिज किया जाय और खर्चा दिलाया जाए।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

१८ मय वासिलात जायदाद पर कब्ज़ा दिलापानेकी बाबत हकीयतकी नालिश

[फरीकैन मुकद्दमा वगैराकी तफसील नं० १ देखो]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है:—

१ मुद्दईका चचा............... साकिन.......... "रियासत"............ ...

वाकै मौज़ा... ....का मालिक था और ....) रु० बाबत माल·

गुजारीके सरकारको अदा करता था। उक्त जायदादकी ब्योरेवार तफ़सील सूची (अ) में दी हुई है जो कि इस अर्जीदावाके साथ नत्थी है।

२ यह कि तारीख़ .... माह .... सन् .... ई० को मुद्दाअलेहने असामियोंसे लगानकी तहसील वसूल करके, उसके मुख्तारको उसकी कचहरीसे निकालकर और सूचीमें बतलाये गये किता नं० ५ में उसकी पैदा की हुई धानकी फसलको बेजा तौरसे सर्फ़ करके, उस जायदाद परसे मुद्दईका कब्जा उठा दिया।

३ यह कि मुद्दईका चचा तारीख़ .... के एक वसीयतनामाके जरिये अपनी कुल जायदाद मनकूला और गैर-मनकूला मुद्दईके हकमें छोड़कर इस वसीयतनामाके लिखनेके एक साल बाद मर गया।

४ यह कि मुद्दाअलेह अब भी उक्त रियासत पर अपना बेजा कब्जा बनाये हुए है और इसलिये मुद्दई मुद्दाअलेहसे मुबलिग ....) रु० बाबत वासिलात उस मुद्दतके, जिसमें कि मुद्दईके चचाको दखल नहीं रहा है [जैसा कि अर्जीदावाके साथ नत्थी सूची (ब) में बतलाया गया है] दिला पानेका हक़दार है।

५ इस नालिशकी बिनाय मुख़ासत बमुकाम .... जो कि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमें है, तारीख़ .... को (जब कि कब्जा उठा दिया गया था) पैदा हुई।

६ मुक़द्दमेकी मालियत, अख्तियार समाअत और कोर्ट-फ़ीसके वास्ते .... रु० है।

७ मुद्दई प्रार्थी है कि:—

(क) उसकी निस्बत मुद्दईकी हकीयतका एलान करनेके बाद सूची (अ) में बतलाई हुई जायदाद पर कब्जेकी डिकरी दी जाय।

(ख) मुबलिग .... रु० की डिकरी बाबत वासिलातके दी जाय।

(ग) मुक़द्दमेके खर्चेकी बाबत डिकरी दी जाय।

(घ) उसे वासिलात आयन्दाकी निस्बत नालिश करनेका अधिकार दिया जाय।

(ङ) दूसरी और ऐसी दादरसी दिलाई जाय जिसके पानेका वह हक़दार हो।

सूची (अ) [जायदाद]

सूची (ब) [वासिलातका हिसाब]

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

उपरोक्त मुक़द्दमेमें जवाब दावा

[शीर्षक इत्यादि नं० १ देखो]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार निवेदन करता है—

१ यह कि मुद्दईके पास मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश दायर करनेका कोई कारण नहीं है।

२ मुद्दाअलेह अर्जीदावाके दूसरे और तीसरे पैरामें कही गई बातोंसे इन्कार करता है और बयान करता है कि उसने मुद्दईके चचाको उक्त जायदादसे बेद-ख़ल नहीं किया।

३ मुद्दाअलेहको जायदाद मुतनाजा अपने बापसे विरासतमें मिली है और वह उसका उपभोग बतौर अपने हक़के क़रीब १२ सालसे ऊपर करता आया है और यह कि मुद्दईको उसकी निस्बत कोई भी हक़ या हक़ीयत हासिल नही है।

४ यह कि मुद्दईको वासिलातकी बाबत नालिश करनेका कोई हक़ नहीं है और जिस रक़मकी बाबत उसने वासिलातकी निस्बत दावा किया है वह ज़्यादा है।

५ यह कि मुद्दईके मुक़द्दमाकी तमादी आरिज़ हो गई है।

६ यहकि मुक़द्दमा मय ख़र्चेके ख़ारिज किया जाय और ख़र्चा दिलाया जाय।

[तस्दीक़ और दस्तख़त]

देखो पेज १३।१४

---

१६ मालिककी ओरसे कारिन्दोंके हिसाब की बाबत नालिश

[अदालत वग़ैराकी तफ़सील नं० १ देखो]

उपरोक्त मुद्दई नीचे लिखे अनुसार दावा करता है:—

१ मुद्दई वाक़ै मौजा ·· ·परगना ·· ·· ·· ··ज़िला ·· ········का जो कि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमें है, मालिक है।

२ बैसाख सन् १३१० फ़सलीमें मुद्दईने उक्त मौज़ोंके लगानकी तहसील-वसूल करनेके लिये मुद्दाअलेहको अपना कारिन्दा मुक़र्रर किया।

३ मुद्दाअलेह मुद्दईके यहां बतौर कारिंदाके बैसाख सन् १३१० से चैत्र सन् १३१९ ई० तक काम करता रहा और उक्त मौज़ोंकी पूरी तहसील वसूल उसके हाथमे रही। बैसाख सन् १३२० फ़सलीमे उसने मुद्दईको बिना पहिले कोई नोटिस दिये हुए और उन रुपयोंका, जो कि उसने अपनी कारिंदगीरीके दौरानमें वसूल किया था, बिना कोई हिसाब-किताब दाख़िल किये हुए मुद्दईकी नौकरी छोड़ दी।

४ मुद्दाअलेहने न तो उस रुपयेका कोई हिसाब पेश किया है जो कि उसने अपनी कारिंदगीरीके दौरानमे वसूल किया है और न तहसील-वसूलके काग़ज़ात पेश किये है, यद्यपि मुद्दईने कई बार उससे ऐसा करनेके लिये कहा।

५ मुद्दईका विश्वास है कि उसको मुद्दाअलेहसे मुबलिग ...... रु० की रकम मिलनी है और उसे तहसील-वसूल करनेके नये कागजात तय्यार करानेमें मुबलिग ... रु० खर्च करना पड़ेगे।

६ इस नालिशके लिये बिनाय मुखासमत तारीख ... को (जिस तारीखको कि मुद्दाअलेहने मुद्दईकी नौकरी छोड़ी है) बमुकाम ...., जो कि इस अधिकार-क्षेत्रमे है, पैदा हुई।

७ मुकद्दमेके दावाकी मालियत मुबलिग ... रु० है और यही रकम कोर्ट-फीसके लिये भी है।

८ इसलिये मुद्दई प्रार्थी है कि:—

(क) मुद्दाअलेहके ऊपर ऐसी डिकरी दी जाय जिसमे वह सन् ... से सन् ... तकका हिसाब-किताब पेश करनेका जिम्मेदार करार दिया जाय।

(ख) यह कि मुद्दाअलेहको यह हुक्म दिया जाय कि वह ठीक ठीक हिसाब और कागजात दाखिल करे और ऐसा न कर सकने पर मुबलिग .... रु० बाबत खर्चा उन कागजोंको दुबारा तैयार करनेके अदा करे।

(ग) यह कि हिसाब किताब की जांच करने के लिये अदालत की ओर से एक कमिश्नर मुकर्रर किया जावे और यह कि मुद्दाअलेह के उस रकम की डिकरी दीजाय जो कि हिसाब किताब करने के बाद मुद्दई को वाजिबुल् वसूल हो।

(घ) यह कि मुद्दाअलेह को मुद्दई का इस मुकद्दमे का खर्चा अदा करने के लिये कहा जाय।

(ङ) यह कि मुद्दईको यह अधिकार भी दिया जायकि वह उस रुपयेके ऊपर स्टाम्प लगा सके जोकि अर्जीदावामे बतलाई गई मालियत दावासे जायद मुद्दाअलेह के ऊपर वाजिब निकले।

[तस्दीक और दस्तखत]
देखो पेज १३। १४

उपरोक्त मुकद्दमें का बयान तहरीरी

[शीर्षक वगैरा जैसा न० १मे है]

मुद्दाअलेह नीचे लिखे अनुसार प्रार्थी है—

१ मुद्दईके पास मुद्दाअलेहके ऊपर यह नालिश करनेका कोई कारण नही है।

२ मुद्दाअलेह इस बात को स्वीकार करता है कि उसने मुद्दई के कारिन्दा की हैसियत से काम किया, लेकिन वह अर्जीदावा के पैरा २ मे कहीगई है इस बात को स्वीकार नही करता कि उसने एकाएक बिना उस रुपये का कोई

हिसाब किताब किये जो के उसने अपनी कारिन्दगीरी के दौरान में वसूल किया है मुद्दई की नौकरी छोड़ दी है।

३ वास्तव में मुद्दाअलेह ने नौकरी छोड़ने के छः महिने पहिले अपने इस इरादे की मुद्दई को लिखित सूचना दी थी, चूंकि मुद्दई उसकी तनख्वाह बराबर ठीक समय पर नही देसका इसलिये मुद्दई की नौकरी में रहना असम्भव था मुद्दई की नौकरी छोड़ते समय उसने उस कुल रुपये का जोकि उसने अपनी कारिन्दगीरीके दौरानमे वसूल किया था पूरापूरा हिसाब देदिया था और तहसील वसूल के कुल कागजात मुद्दई के नाम व······ के हवाले कर दिये थे। वह उक्त नायब की मार्फत कुल रुपया जिसे वह उक्त मौजों से वसूल करता था बराबर मुद्दई के पास भेजदिया था और उसकी रसीद ले लिया करताथा। वे रसीदइसके साथ नत्थी हैं। उनसे यह मालूम होगा कि उसके ऊपर मुद्दईका कुछ भी बाकी नही।

४ मुद्दई, मुद्दाअलेह से खर्चा दिलापाने का दावा नही करसकता जो कि हिसाब तैयार करनेके लिये जरूरी है और यह कि उसके लिये जिस रुपये का दावा वह करता है वह हर हालत मे उचित से अधिक है।

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३ १४

जरूरी जरूरी अर्जियोंके नमूने

२० कुर्क किए हुए मालकी निस्बत दावा

ब अदालत जनाब सब जज साहब बहादुर ···· ··· ···

नम्बर मुकद्दमा सन् १९ ई०

·· ··· सायल बनाम ··· ··· ··· ··· फरीकसानी

··· ··· ··· ··· डिकरीदार नं०१

··· ··· ··· ··· मादयून डिकरी न० २

सायल ······ साकिन ··· · का विनय निवेदन हैः—

१ कि डिकरीदार (फरीकसानी न० १) ने इस अदालतकी डिकरी न० १२ सन् १९२७ ई० की, जोकि मदियून-डिकरी (फरीकसानी न० २) के ऊपर तारीख ·· को दीगई थी, इजरामे सायलकी जायदाद जोकि इस अर्जीके साथ नत्थी फेहरिस्तमे बतलाई गई है कुर्क करली है।

२ यह कि मदियून, डिकरीको कभीभी उक्त जायदादकी निस्बत कोई हक या हकीयत हासिल नही था। सायलको यह जायदाद उसके बापसे मिली है और वह १२ सालसे ज़्यादा उस पर काबिज़ है और उसका उपभोग करता है।

३ ऐसी दशामे सायलकी प्रार्थना है कि अदालतमे, मुनासिब शहादतके ऊपर उस जायदादकी निस्बत सायलकी हकीयत और कब्जाके बारेमे इतमीनान करलेनेके बाद फेहरिस्तमे बतलाई गई जायदादको कुर्कीसे बरी किए जाने का हुक्म देदेवे।

सायल आपका चिरकृतज्ञ रहेगा।

[उस जायदादकी फेहरिस्त जोकि कुर्क कर लीगई है]

[तस्दीक और दस्तखत]

देखो पेज १३।१४

---

२१ प्रोबेट या प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके लिये अर्ज़ी

ब अदालत जनाब जिला-जज साहब ... ...

.. .. प्रोबेटका मुकद्दमा न० सन् १९ ई०

प्रोबेट ऐण्ड ऐडमिनिस्ट्रेशन ऐक्टके अनुसार (या सक्सेशन ऐक्ट अर्थात उत्तराधिकारके कानूनके अनुसार) मुतौफी .. की वसीयतकी नकल (प्रोबेट) के लिए ... की अर्ज़ी।

१ सायल ....जमीन्दार है और मौजा .... का रहनेवाला है।

२ उपरोक्त श्रीयुत् ...... की तारीख ... माह सन ई० को स्थान .... मे, जोकि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमे है और जो उनके रहनेका नियत स्थान है, [या जहां पर कि वह अस्थायी रूपसे रहते थे, क्योंकि उनके रहनेका स्थान ... ... था जो इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमे है, या, जबकि दरख्वास्त किसी जिला जजके यहां दीगई हो तो, इसके साथ नत्थी फेहरिस्तमे बतलाई गई जायदादको छोड़,] इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमे है, [या जब दरख्वास्त सकसेशन ऐक्टके अनुसार किसी डिस्ट्रिक्ट डेलीगेट (जिला प्रतिनिधि) को दीगई हो तो, जहां पर वह उस समय रह रहा था।]

३ जो तहरीर इसके साथ नत्थी है और जो मुझे दिखलाई गई है और जिस पर 'क' अक्षरका चिन्ह है, वह उक्त ... का आखिरी वसीयत नामा है और उसने उन गवाहोंके सामने, जिनके नाम उस वसीयत नामाके नीचे हाशिये पर दिए हुए हैं, उसकी बाकायदा तौर पर तकमीलकी थी।

४ मैंही उक्त वसीयत नामामें बतलाया हुआ वसी ... हूँ [या दरख्वास्त वसीयतनामाके साथ लगे हुए प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके लिए हो तो फार्म न० २२ के पैरा ३ और ४ और शामिल कर देना चाहिए]।

५ माल मतरूका की रकम, जोकि मेरे हाथमे आनेवाली है, कुल मिलाकर ... रु० से अधिक नही है जिसका हिसाब सूची (अ) मे दिया हुआ

है और यह कि जो कुछभी देना है उसकी रकम · रु० से अधिक नहीं है जिसकी कि तफ़सील हलफ़नामाकी सूची (ब) मे दीगई है और यह कि उक्त माल मतरूका की कुल रकम उन तमाम मदोंका रुपया निकाल देनेके बाद जिनको निकाल देनेका मुझे कानूनके अनुसार अधिकार है , मु० ·· रु० की मालियतके अन्दर है ।

६ मैं इस प्रार्थना पत्र द्वारा यह प्रतिज्ञा करता हूँ कि मै उक्त स्वर्गवासीकी सम्पत्ति और ···भरण पोषण आदिका उचित प्रबन्ध करूंगा। और उसकी एकसही और पूरी सूची (ख़र्रा) तैयार करूंगा और प्रोबेट या प्रबन्धसम्बन्धी पत्र मिलजाने की तारीख़से छः महीनेके भीतर उसे इस अदालतमें पेश करूंगा और उक्त तारीख़से एक सालके भीतर उक्त सम्पत्ति और ऋणका एक सही हिसाबभी इस अदालतमें पेश करूंगा ।

७ यह कि जहां तक मैं जानता हूँ अभी तक किसी शख़्सने किसी दूसरी अदालतको उक्त वसीयतनामाके प्रोबेट या उक्त सम्पत्ति (जायदाद) के प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोके लिए दरख्वास्त नही दीहै ।

८ इसलिए सायलकी प्रार्थना है कि—

(क) उसे उक्त वसीयतनामाको सामान्य रीतिसे साबित करनेकी इजाजत दीजाय और यह कि उसका प्रोबेट [या उक्त वसीयतनामाके साथ उक्त मुतौफीकी सम्पत्ति और ऋणके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्र] जो ··· ··· बराबर अमलमें आते रहेगा उसे दिलाया जाय ।

(ख) दूसरी ऐसी दादरसी दिलाई जाय जोकि अदालतको उचित जानपड़े।
सूची (अ) सूची (ब)

[दस्तख़त वकील] [दस्तख़त सायल]

मैं ·· ·· · जिसने उपरोक्त दरख़्वास्त पेशकी है, इसके ज़रिये यह एलान करता हूँ कि उसमें जो कुछभी लिखा है वह, जहां तक मैं जानता हूँ और जहां तक मेरा विश्वास है, सही है । देखो पेज १३ । १४

गवाह ··· ··· ··· [दस्तख़त सायल]

मैं कि ··· ··· ··· साकिन ··· ···
जोकि ·· ··· के आखिरी वसीयतनामाके, जिसका जिक्र उपरोक्त प्रार्थना-पत्र (अर्जी) में किया गया है, गवाहोंमेंसे एक हूँ, यह इजहार करता हूँ कि मैं उस जगह पर मौजूद था और मैंने उसे उक्त वसीयतनामाके ऊपर, जोकि अब मुझे दिखलाया गया है और जिस पर "(क)" निशान डाला गया है अपना हस्ताक्षर करते (या निशान बनाते) हुए देखा [या यह कि उक्त मवसीने उपरोक्त अर्जीके साथ नत्थी तहरीरको, जोकि अब मुझे दिखलाई गई है और जिस पर "क" निशान डाला गया है, मेरे सामने अपनी आखिरी वसीयत स्वीकार किया है,] (हस्ताक्षर)

२२ प्रवन्ध सम्बन्धी पत्रके वास्ते नालिश

[शीर्षक मुकद्दमा]

जैसा कि फार्म न० २१के पेरा न० १और २ मे है

३ उक्त "अ आ" नीचे लिखे अपने सम्बन्धियोंको जीवित छोड़ कर मर गये हैं —

(१) क ख ... (जो सायल और लड़का है)

(२) ... ग घ ... (सकूनत और वालिदयत वगैरा) जो उसके लड़के हैं,

(३) .. ङ च .. धर्म-पत्नी श्री साकिन ... जोकि उसकी लड़की है,

(४) छ ज ... साकिन ... जोकि उसकी स्त्री है,

(५) झ ञ .. साकिन ... जोकि उसकी अविवाहिता कन्याए हैं,

(६) ट ठ साकिन ... .. और .. ड ढ .. साकिन जोकि उसके भाई है जिनमेसे टठ की तारीख .. को मृत्यु होगई है और जिसके कोई ... या दूसरे रिश्तेदार नही है।

४ उक्त बिना कोई वसीयत लिखे मरगए है और सायल बहैसियत उसके बडे लड़केके उसकी सम्पत्ति और ऋणके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रके लिए दावेदार है।

५ जो माल मतरूका मेरे हाथमे आनेवाला है वह कुल मिलाकर मुबलिग रु० से कम नही है जिसका ब्योरेवार हिसाब सूची (अ) में दिया हुआ है और यह कि जो कुछ देना है उसकी रकम रु० है जिसकी तफसील हलफनामाके साथ नत्थी सूची (ब) मे दीगई है, और यह कि उक्त माल मतरूका की कुल रकमकी, उन तमाम मदोंको अलग करके जिनको अलग करनेका मुझे कानूनके अनुसार अधिकार है, मालियत .. रु० के भीतर है।

६ मै इस प्रार्थना-पत्र द्वारा यह प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं उक्त स्वर्गवासी 'अ आ' की सम्पत्ति और ऋण आदिका उचित प्रबन्ध करूगा और उसकी एक सही और पूरी सूची (खर्रा) तैयार करूगा और प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके पाजाने की तारीखसे छ: महीनेके भीतर उसेइस अदालतमे पेश करूगा और उक्त तारीख से एक सालके भीतर उक्त सम्पत्ति और ऋणका एक सही हिसाब भी इस अदालतमे पेश करूंगा।

७ यह कि जहां तक सायलको मालूम है, अभी तक किसी दूसरे शख्सने उपरोक्त स्वर्गवासी की सम्पत्तिके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके लिए कोई दरख्वास्त नही दी है।

८ इसलिए सायलकी प्रार्थना है कि—

(क) उक्त स्वर्गवासी ··· की सम्पत्ति और ऋणके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्र जोकि ··· के भीतर बराबर अमलमे आते रहेंगे, उसे दिलाए जाय।

(ख) दूसरी और ऐसी दादरसी दीजाय जिसे अदालत उचित समझे।

[दस्तख़त वकील] [दस्तखत सायल]

सूची (अ) और (ब) तस्दीक़ वगैरा जैसा कि पेज १३।१४ है।

---

२२ प्रोबेट या प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके लिए दीगई अर्ज़ीकी नोटिस

सेवामें श्रीमान् ·· कलक्टर ·· इस तहरीरके जरिए यह नोटिस दीजाती है कि स्थान ··· के जिला जज [या प्रतिनिधि] के इजलासमें स्वर्गवासी ··· (वल्दियत क़ौमियत और सकूनत) के, जिनका तारीख़ ···· माह ······ सन् ······ को स्थान ··· में वैकुण्ठ वास होगया है, वसीयतनामा [और उस वसीयतनामाके अनुबन्ध (तितिम्मा)] के, जो [क्रमशः] तारीख़ ··· माह ··· सन् ·· ई० [और तारीख़ माह ··· सन् ··· ई०] के हैं, प्रोबेट [या सम्पत्ति और ऋणके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्र या तारीख ··· माह ·· के वसीयतनामाके साथ नत्थी सम्पत्ति और ऋणके प्रबन्ध सम्बन्धी पत्र,] श्री ··· · ··· (वाल्दियत, क़ौमियत और सकूनत) को, जोकि उक्त वसीयतनामामें बतलाए गए वसी लोगोंमेसे एक है [या उक्त स्वर्गवासी ······ के भाई और निकटस्थ कुटुम्बीहै या जैसा कुछ हो,] दिलानेके लिए दरख्वास्त दीगई है।

["जब यह नोटिस कलक्टरके अतिरिक्त किसी दूसरे व्यक्तिके पास भेजी जानेको हो तो"] और यह कि तारीख़ माह ··· सन् ई०को उक्त अर्ज़ीकी समाअतकी तारीख मुक़र्ररकी गई है और यह कि अगर आप इसका विरोध करना चाहते हैं तो आपको चाहिए कि आप उक्त अदालतमें उज्रदारी दाखिल करे।

उस जायदादकी कुल मालियत मुबलिग़ ··· रु० और असली मालियत ··· रु० है।

आज तारीख़ ··· माह ··· सन ··· ई०।

वकील··· ··· ··· ··· ···जजके दस्तख़त

---

२४ वली मुकर्रर किए जानेके लिए अर्जी

[शीर्षक जैसा नं० २१ मे है]—

ब अदालत जनाब जिला जज साहब मुकाम—

प्रारम्भिक दरख्वास्त न०   सन   ई०

बमुकद्दमा ...   ... नाबालिग

...   . सायल

(गार्जियन ऐण्ड वार्ड्स ऐक्ट सन १८९० ई० के अनुसार दरख्वास्त)

उपरोक्त सायलका नीचे लिखे अनुसार निवेदन है —

१   सायल एक जमीन्दार और मौजा ... का रहने वाला और उपरोक्त .. नाबालिगका बड़ा भाई है।

२ यह कि सायलकी यह दरख्वास्त है कि वह नाबालिग . वल्द . सा० ..के जिस्म और जायदादका वली मुकर्रर किया जाय।

३ कानूनके अनुसार जिन बातोंकी जरूरत है, वे नीचे दीजाती है —

(क) १ नाबालिगका नाम .. .

२ मर्द या औरत . .. मर्द।

३ धर्म (मजहब) . हिन्दू।

४ जन्म तिथि ' ३ मार्च सन १९२७ ई०।

५ विवाहित या अविवाहित ... . अविवाहित।

६ नाबालिग की आय सकूनत मौजा . जोकि इस अदालतके अधिकार क्षेत्रमें है।

[अगर नाबालिग विवाहित है तो,औरयदि वह स्त्री जाति है तो,उसके पति का नाम अवस्था (उम्र) और पता लिखना चाहिए, और यदि वह पुरुष है तो इतना लिख देना चाहिए कि वह विवाहित है।]

(ख) नाबालिग बहैसियत अपने बाप श्री .. . के दो जीवित लड़कोंमेंसे एक लड़केके, बशिराकत सायलके और बपाबन्दी हकूक गुजारा व सकूनत अपनी मा मुसम्मात   के इस अर्जीके साथ नत्थी सूची (अ) मे बतलाई हुई जायदाद मनकूला और गैर मनकूलाके, जो करीब करीब उक्त सूची के खाना ३ मे बतलाई गई माल्कियतकी है, और सायलके कब्जेमे है अविभक्त (गैर मुन्किसमा) बराबरके आधे हिस्सेके लिए हकदार है।

(ग) नाबालिगके जो सम्बन्धी अब जीवित है वे ये हैः—

१ सायल जोकि उसका बड़ा भाई है।

२ उसकी मा मुसम्मात   जो ... मे रहती है।

३ उसकी बहन मुसम्मात ... धर्मपत्नी .. जो .. मे रहती है।

४ उसका चचा   जो . मे रहता है।

नाबालिगके बाप   की मृत्यु तारीख -   माह ... सन् . ई० को या उसके करीब हुई थी।

(घ) अदालतने किसी शख्सको नाबालिगके जिस्म और जायदादका कोई वली मुक़र्रर नही किया है, और इस नाबालिग़के जिस्म या जायदादकी बलायतकी निस्बत अभी तक इस अदालतमें कोई दरख्वास्त नही दीगई है।

(ङ) जो शख्स वली तजवीज किया गया, वह जमीन्दार है और विश्व विद्यालयकी शिक्षा प्राप्त किए हुए है तथा बी० ए० पास है। वह पुरुष श्रेणीमे नाबालिग़का सबसे निकटस्थ सम्बन्धी है और उसके चार बच्चे है और अपने परिवारके साथ स्थान ··· मे रहता है। उसकी आर्थिक अवस्था अच्छी है, क्योंकि उसकी ·· रु० वार्षिक की आय है, तथा उसका आचरण अच्छा है और वह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति है और उसका व्यापारी स्वभाव है, और वह नाबालिग़के जिस्म और जायदादका वली मुक़र्रर किए जानेके लिए बिल्कुल योग्य व्यक्ति है।

४ इसलिए सायलकी प्रार्थना है:—

(क) कि वह उपरोक्त नाबालिग़के जिस्म और जायदादका वली मुक़र्रर किया जाय।

(ख) यह कि वली की ओरसे दीजाने वाली ज़मानतकी रक़म ··· रु० निश्चित की जाय, और यह कि ··· ··· और ··· उसके ज़मानतदार स्वीकार किए जायं।

(ग) यह कि मुबलिग ·····रु० की रकम वास्ते नाबालिग़के गुजाराके मुक़र्रर की जाय।

(घ) दूसरी और भी ऐसी दादरसी दीजाय जो अदालतको उचित जान पडे।

सूची (अ)

में कि ··· , जोकि ऊपर बतलाया गया सायल हूँ, इस तहरीर के जरिये यह इजहार करता हूँ कि पैरा ··· में लिखी गई बातोको मे सही जानता हूँ और पैरा ·· मे लिखी गई बातोंको अपनी सूचना और विश्वास के अनुसार सही मानता हूँ (देखो पेज १३ । १४)

मैं ··· ·· इस तहरीरके जरिये उपरोक्त नाबालिगके जिस्म और जायदादका वली होना स्वीकार करता हूँ, बशर्ते कि अदालत मुझे मुक़र्रर करना मुनासिब समझे।

उक्त ··· ने श्रीयुत ··· ··· (वल्दियत और सकूनत) ··· ··· और श्रीयुत ··· (वल्दियत और सकूनत) के सामने दस्तखत किया।	दस्तख़त (सायल) तारीख़······सन् ····

२५ वरासतके सार्टीफिकटके लिए दरख्वास्त

(शीर्षक जैसा कि न० २१ मे है)

बअदालत .. ..

सक्सेशन सार्टीफिकट ऐक्ट सन् १८८९ ई० के अनुसार ' ' की अर्जी।

उपरोक्त सायलका नीचे लिखे अनुसार निवेदन है.—

१ ' ' सायल एक जमीन्दार और स्थान ''' का रहने वाला है।

२ उपरोक्त ' की तारीख '' माह सन् '' ई० को स्थान ' मे जोकि, इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमे है और जहां पर कि उस समय, वह आमतौर पर रहा करता था [या स्थान ... में जो कि उस समय उसके रहनेका कोई निश्चित नही था] मृत्यु होगई और वह इसके साथ नत्थी सूची (अ) में बतलाई गई जायदादको इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमे छोड गया है।

३ यह कि मुतौफीके नीचे लिखे सम्बन्धी जीवित बचे हैं —

१ मा ' ...	वल्दियत, कोमियत और सकूनत।	यहां पर परिवार या सम्बन्धियोंका पूरा ब्योरा पूरे नाम और पता सहित और इस बातके सहित कि उनमेसे हर एक के साथ मुतौफीका क्या सम्बन्ध है लिखना चाहिए।
२ लड़की	,,	
३ विधवा स्त्री ...	,,	
४ भाई	,	
५ नाबालिग लड़का	,,	
६ लड़का ..	(सायल)	

४ यह कि मुतौफीका बड़ा लड़का होनेकी हैसियतसे सायल इस ऐक्टके नियमानुसार सार्टीफिकट दिला पानेके लिए दावेदार है।

५ उक्त मुतौफी मजहबका सुन्नी फिर्केका मुसलमान था और उस पर सक्सेशन ऐक्ट (कानून वरासत) सन् १८६५ ई० के नियम लागू नही होते हैं और वह बिना कोई वसीयत लिखेही मर गया।

६ जहांतक मै जानता हूँ अदालतमे अभी तक कोई भी दरख्वास्त सक्सेशन सार्टीफिकट ऐक्ट सन् १८८९ ई० के अनुसार किसी सार्टीफिकटके लिए, या उक्त के कर्जे, जमानत और रियासतके सम्बन्धमे प्रोबेट या प्रबन्ध सम्बन्धी पत्रोंके लिए नही दीगई है और न ऐसा सार्टीफिकट, प्रोबेट या प्रबन्ध सम्बन्धी पत्र दिया गया है, और दफा १ (४) के अनुसार, या उक्त ऐक्ट अथवा किसी दूसरे कानूनके अनुसार उस सार्टीफिकटके देनेमे जिसके लिए कि दरख्वास्त कीगई है [या, अगर अदालत उसे दे दिया है तो, उसके जायज होनेमे] कोई रुकावट नही है।

७ उन कर्जों और जमानतों इत्यादिकी जिनके सम्बन्धमे सार्टीफिकट तलब किया गया है, तफ़ज़ील सूची (ब) मे दीगई है जोकि इसके साथ नत्थी है।

८ सायलने अदालतमे सार्टीफिकटके सम्बन्धमे दीजाने वाली मुनासिब फीस अदा करदी है।

९ [किसी भी शख्सके ऊपर इस अर्जीकी नोटिस तामील करानेका इरादा नही है यह बात निकाल दीजायगी। अगर पैरा १० के क्लाज (क) का सम्बन्ध है]

१० इसलिए सायलकी प्रार्थना है कि—

(क) इस अर्जीकी नोटिस की तामील ... पर कीजाय जिनका नाम इस अर्जीके पैरा ३ मे बतलाया गया है [और यह कि उसमे बतलाए हुए दूसरे लोगोंके ऊपर नोटिस रद्द कीजाय]

(ख) यह कि सक्सेशन सार्टीफ़िकट ऐक्टके अनुसार उसे सार्टीफिकट ऐसा दिया जाय, जिससे उसको, कर्जेके रुपये की तहसील वसूल करने और इसके साथ लगी हुई सूचीमें बतलाई, गई जमानतोंके ऊपर ब्याज और मुनाफ़ाका हिस्सा लेने तथा उन्हे बेच देने और मुन्तकिल कर देनेका अधिकार दिया जाय।

(ग) दूसरी ऐसी दादरसी दीजाय जो अदालतको उचित जान पडे।

सूची (अ) मुतौफ़ीकी जायदाद जो अदालतके अधिकार-क्षेत्रके भीतर है।

सूची (ब) वह कर्जा जोकि मुतौफ़ीकी जायदादपर वाजिब है जिसके सम्बन्धमे सार्टीफ़िकटके लिए दरख्वास्त है।

(दस्तख़त) .. .. (दस्तख़त) .. सायल

वकील ... ...

मैं इस तहरीरके जरिये इजहार करता हूँ कि उपरोक्त बातें जहां तक मैं जानता हूँ सही है, सिवाय उन बातोंके जो सूचना और विश्वासके अनुसार लिखी गई है, और उन बातोंके सम्बन्धमें मुझे विश्वास है कि वे सही है।

(देखो पेज १३ । १४

(दस्तख़त-सायल)

---

२६ किसी पागलका वली मुक़र्रर किए जानेके लिए दरख्वास्त

ब अदालत जनाब जिला-जज साहब ... ...

पागलका वली मुक़र्रर किए जानेके लिए दरख्वास्त।

सायल .. .. वल्द ... ... साकिन ... का यह विनम्र निवेदन है कि:—

१ सायल इस हुक्मके लिए यह दरख्वास्त देता है कि इस बातको तय करनेके लिए जांच कीजाय कि क्या सायलके भाई .. ... का दिमाग सही नही है और इसलिए वह अपने जिस्म और मालकी हिफ़ाज़त कर सकनेके नाकाबिल है?

२ यह कि अगर जांच करने पर मालूम होजाय कि ऊपर बतलाया हुआ व्यक्ति पागल है, तो सायलकी प्रार्थना है कि वह उक्त पागलके जिस्म और माल का वली मुकर्रर किया जाय।

३ यह कि उक्त पागलकी आयु ... वर्ष है और वह जातिका हिन्दू है और यह कि वह इस समय सायलकी सिपुर्दगीमे है उसके मकानमे जो .. वाके है जोकि इस अदालतके अधिकार-क्षेत्रमे है।

४ यह कि सायल और उस पागलकी स्त्री श्रीमती ... ही जोकि सायलके मकान पर रह रही है, सिर्फ उस पागलके दो नजदीकी रिश्तेदार है।

५ यह कि किसी भी मुनासिब अदालतने अभी तक उक्त पागलके जिस्म और जायदादका कोई वली मुकर्रर नही किया है।

६ यह कि सायलका यह विश्वास है कि उसका भाई . महीना सन् १९. ई० से पागल है और अपने तथा अपनी जायदादका इन्तजाम करनेके नाक़ाबिल है।

७ यह कि उक्त पागलकी जायदाद किस क़िस्मकी है, वह कहां पर वाके है और उसकी तख़मीना मालियत क्या है, ये बातें सूची (फ़ेहरिस्त) मे दीगई है जोकि इस अर्जीके साथ नत्थी है।

८ इसलिए सायलकी प्रार्थना है कि—

(क) तमाम जरूरी जांच कर लेनेके बाद वह उक्त पागलके जिस्म तथा जायदादका वली मुकर्रर किया जाय।

(ख) दूसरी ऐसी दादरसी दीजाय जोकि अदालतको उचित जान पड़े।

[तस्दीक़ और दस्तख़त [फ़ेहरिस्त जायदाद]

देखो पेज १३।१४

---

२७ ऋणीकी दरख़्वास्त वास्ते दीवालिया क़रार दिए जानेके

बअदालत जनाब ... .

. ... सायल

१ मै (यहां पर नाम, वल्दियत, सकूनत वगैरा और पता लिखना चाहिए) जोकि आमतौर पर मुकाम .. ... मे रहता हूँ (या ... . अपना व्यापार करता हूँ या आमदनीके लिए शरीरसे काम करता हूँ) (अदालतका नाम और उस डिकरीकी तफ़सील जिसके सम्बन्धमे हुक्म दिया गया है या रुकावट डाली गई है या जिसके द्वारा कुर्कीका हुक्म दिया गया है) के हुक्मके अनुसार अपना कर्जा अदा कर सकनेमे असमर्थ होकर, यह दरख्वास्त देता हूँ कि मैं दीवालिया करार दिया जाऊं।

२ मेरे ऊपर कर्ज़ोंकी रकमोंका जो कुछभी दावा है वह ··· रु० है (यहां पर यह लिखना चाहिए कि किसी कर्ज़ेमें कोई ज़मानत है और अगर है तो कैसी है) जैसा कि सूची (अ) में बतलाया गया है जोकि इस अर्ज़ीके साथ नत्थी है और जिसमें मेरे कुल महाजनोंके नाम और पता, जहां तक मैं उन्हें जानता हूं या पता लगा सका हूं, लिखे हुए हैं।

३ मेरी सारी जायदादकी तादाद और तफ़सील सूची (ब) में, जोकि इस अर्ज़ीके साथ नत्थी है, और मेरी कुल जायदादकी, जिसमें रुपया शामिल नहीं है, और उस स्थान या उन स्थानोंकी तफ़सीलके, जहां पर कि वह जायदाद है, दीगई है और मैं इस तहरीरके ज़रिये यह इज़हार करता हूं कि मैं अपनी कुल ऐसी जायदाद अदालतके हवाले कर देनेके लिए तैयार हूं सिवाय उनके जिनमें ऐसी चीज़ें शामिल हैं (और मेरी हिसाबकी किताबें नहीं हैं) जो क़ानूनके अनुसार किसी डिकरीकी इजरामें कुर्क और नीलाम किए जानेसे मुस्तस्ना हैं।

४ मैंने इससे पहिले कभी भी दीवालिया क़रार दिए जानेके लिए कोई दरख़्वास्त नहीं दी, या, मैं सूची (स) में दीवालिया क़रार दिए जानेके सम्बन्धमें दीगई दरख़्वास्त या दरख़्वास्तोंका ब्योरा देता हूं [यहां पर लिखी जानेवाली बातोंके सम्बन्धमें देखो दीवालिया ऐक्टकी दफ़ा १३ (१) एफ़ (१) (२)।

सूची (अ) सूची (ब), सूची (स),

(तस्दीक़ और दस्तख़त)

देखो पेज १३।१४

---

२८ ज़ब्ती आराज़ीके मामलेमें दावा (बंगाल)

[शीर्षक जैसा नं० १ में है]

सेवामें

श्रीमान् डिपुटी कलक्टर साहब स्थान ··· ··· ··· ···

··· मुक़द्दमा नं० ··· सन् ··· ई०

सायल ··· ··· वल्द ··· ··· साकिन ··· का विनम्र निवेदन है कि—

१ सायल उक्त ··· ··· खेत नं० ··· का दख़ीलकार क़ाश्तकार है और उक्त आराज़ीकी बाबत उसे ··· रु० फ़ी बीघाके हिसाबसे श्रीयुत ··· ··· ज़मीन्दारको लगान अदा करना पड़ता है।

२ यह कि उक्त खेतोंका क्षेत्र फल (रक़बा) ··· बीघा ··· कट्ठा और ··· वर्ग-फ़ीट है और उनकी इस समय बाज़ारू दाम ········· रु० फ़ी बीघा है, यह कि उक्त आराज़ीकी क़ीमतमेंसे ज़मीन्दार उस ज़मीनके सालाना

लगानके बीस गुनेके करीब पानेका हकदार है और सायल बाकी रुपयेके पानेका हकदार है।

३ यह कि किता आराजी नं० ... के ऊपर, जोकि वर्ग फीट है, जिसमें बहुतसी इमारतें और नौकरों चाकरोंके रहनके मकान हैं और उनकी मौजूदा बाजारू कीमत रु० है और सायल यह रकम बतौर उक्त इमारतके मुआविजाके रुपयेके पानेका हकदार है।

४ ऊपर बतलाई हुई दशामें सायलका यह कहना है कि वह ... रु० और उसके साथ १५) रु० सैकड़ा कानूनी भत्ता-कुल मिलाकर रु०, जैसा कि इस अर्जीके साथ लगी हुई सूची (फेहरिस्त) में बतलाया गया है, उक्त जमीन और इमारतकी जब्तीकी बाबत दिला पानेका हकदार है।

हिसाबकी सूची

जमीनकी कुल कीमत दरि ... रु० फी बीघा ...	...	रु० ।
इमारत वगैराकी कीमत ,, ,, ,,	...	रु० ।
जमीन्दारका हिस्सा निकाल कर ...	...	रु० ।
	जोड़	रु०
कानूनी भत्ता १५) रु० सैकड़ाकी दरसे	...	रु०
	कुल जोड़	रु०

दस्तखत व तस्दीक़)
देखो पेज १३।१४

---

२६ क़ानून ज़ब्ती आराज़ीकी दफा १८ के अनुसार दीवानीमें मामलेका दिया जाना (बंगाल)

सेवामें

श्रीमान् डिपुटी कलक्टर साहब जब्ती आराजी स्थान—

तजवीज .. मुकद्दमा नं० सन् ई०

सायल वल्द .. साकिन का विनम्र निवेदन है कि—

१ इस दफ्तरने उपरोक्त तजवीजके किता नं० . की तखमीना मालियतकी निस्बत जिस ढगसे हुक्म दिया है और मुआविजाके रुपयेकी जिस ढगसे हिस्सा रसदी तकसीम की है, उससे असन्तुष्ट होकर सायल यह प्रार्थना करता है कि कानून जब्ती आराजीकी दफा १८ के अनुसार, उक्त तजवीजके किता नं० की मुनासिब मालियत तय किए जानेके लिए और सायल तथा उसके असामीके बीच मुआविजेके रुपयेका हिस्से रसदी मुनासिब बटवारा किए जानेके लिए यह मामला अदालत दीवानीमें दिया जाय।

२ यह कि उक्त किता नं० की मालियत रु० है, ... रु० नहीं जैसा कि कलक्टर साहबने अपने फैसलेमें बतलाया है।

३ यह कि किता जमीन नं० · पर वाके इमारतकी कीमतकी बाबत असामी सिर्फ ·· रु० ही पानेका हकदार है और सायल मुआविजेका बाकी कुल रुपया पानेका हकदार है और यह कि चूंकि असामी सायलके मातहत सिर्फ एक माफीदार है इसलिए वह उस ज़मीनका हिस्सा पानेका हकदार नहीं है।

(दस्तखत व तस्दीक)

देखो पेज १३।१४

---

३० याद्दाश्त अपील

[शीर्षक वग़ैरा जैसा नं० १ मे है]

बअदालत जनाब जिला-जज साहब ··· ··· ···

अपील नं० ··· सन् ······ ई०

··· ··· ··· ·· ··· मुद्दई अपीलाण्ट

बनाम

··· ··· ··· ··· मुद्दाअलेह-रेस्पाण्डेण्ट

उपरोक्त मुद्दई, उस डिकरीसे असन्तुष्ट होकर जो ··· ··· के मुंसिफ साहबने तारीख़ ··· को मुकद्दमा नं० ··· मे दी है, उक्त डिकरीके विरुद्ध यह अपील पेश करना चाहता है जिसकी दूसरी वजहोमेसे कुछ वजहे ये हैं:—

१ यह कि नीचेकी अदालतने यह तय करनेमें, कि मुकद्दमेकी मियाद आरिज होगई है, कानूनी गलतीकी है।

२ यह कि नीचेकी अदालतको यह तय करना चाहिए था कि मुद्दई यह मुकद्दमा दायर किए जानेकी तारीख़से बारह सालके भीतर आराजी मुतनाज़ाके ऊपर काबिज था।

३ यह कि नीचेकी अदालतको शहादतके ऊपर यह तय करना चाहिए था कि जो 'किवाला' मुद्दाअलेहने दाखिल किया है वह फ़रेबसे हासिल किया गया था और वह बिलकुलही सही दस्तावेज़ नहीं था।

४ यह कि अदालतने उस 'किवाला' को इस मुकद्दमेंकी शहादतमें लेकर बड़ी भारी कानूनी गलती की है।

५ यह कि नीचेकी अदालतको नहीं चाहिए था कि वह तहसील-वसूलके कागज़ों और पैदावारके ऊपर जोकि मुद्दईकी ओरसे दाखिल किए गए थे, विश्वास नकरे।

६ यह कि नीचेकी अदालतको शहादतके ऊपर यह तय करना चाहिए था जैसा कि अर्जीदावामें बतलाया गया था।

७ यह कि नीचेकी अदालतका फैसला मुकद्दमेंमें दीगई शहादतके प्रभावके विरुद्ध है और यह कि यह न्याय, इन्साफ़ और शुद्ध अन्तः करणके विरुद्ध है।

मैं इस बातकी तस्दीक् करता हू कि मैने इस मुक़द्दमेंके कागजातकी जांचकी है और यह कि मेरी रायमें ऊपर बतलाई हुई वजहे इस अपीलके लिए अच्छी वजहे है और उसे तैयार कर चुकने पर मै अदालत अपीलके सामने हाजिर होने और अपीलकी पैरवी करनेकी प्रतिज्ञा करता हू ।

(दस्तख़त वकील)

---

३१ आम मुख्तार नामा

सर्व साधारणको विदित हो कि मैं • वल्द उमर··· कौम हिन्दू, पेशा जमीन्दार, साकिन हाल परगना ··· तहसील जिला ने श्री वल्द··· कौम साकिन • को मेरी जगह पर और मेरे नामसे, काम करनेके लिए अपना सच्चा और क़ानूनी मुख्तार नामजद किया, बनाया और नियत किया है और इस तहरीरके जरिये नामजद करता हू, बनाता और मुकर्रर करता हूं और अपनी जगह पर और अपने बजाय काम करने के लिये नियुक्त करता हूँ और अपना अधिकार देता हू कि वह जैसा कि उक्त मुख्तारको मुनासिब और मेरे मतलब और फायदेके लिए जान पडे, नीचे लिखे कुल कामोंको करे —

किसी न्यायालयमें किसी प्रकारके कर्ज़े या रुपये, अधिकार, हक़ीयत, हिस्से, जायदाद, मामले या चीजको दिलापानेके लिए जोकि मुझे मिलना है या वाजिबुल वसूल है या मिलनेको या वाजिबुल वसूल होनेको हो या और किसी तरह मेरी मिल्कियत हो या उसी मुक़द्दमे या कार्रवाई तथा उन तमाम मुक़द्दमों या कार्रवाइयोंमें मेरी तरफसे हर अङ्गरेजी व रियासती अदालतोंमे हाजिर हों और मेरी तरफ़से पैरवी करें, अदालतमें दाखिल होने वाले कागजों पर मेरा नाम वकलम अपने लिखे और तस्दीक़ करावे । अदालतो व सरकारी मोहकमोंसे अपनी रसीद दाखिल करके मेरा याफ्तनी रुपया उठावे और उस रसीदकी तस्दीक़ करे । और जो कुछ कि कार्रवाई किसी भी मुक़द्दमे या मामलेमे जरूरी होकरें पंच मुकर्रर करें और मेरी तरफसे बयान लिखावे इजहारदें और अपनी तरफसे कोई वकील आदि या मुख़्तार ख़ास किसी मामलेमे नियत करे । जो कुछ कि कार्रवाई मेरे उक्त मुख्तार आमके द्वारा की जायगी वह सब ऐसी समझी जायगी कि उसे मैंने खुदकी है और उसका मैं पूरा पाबद हूगा इसलिए यह आम मुख्तार नामा लिख दिया कि सनद रहे तारीख़ माह सन् ई०

(दस्तख़त)

रजिस्ट्री

---

३२ मुख्तारनामा ख़ास

[किसी दस्तावेजकी रजिस्ट्रीके लिए]

सर्व-साधारणको विदित हो कि मैं ... . ;.. वल्द साकिन क़ौम पेशा साकिन जिला का हूं। चूंकि मैंने एक दस्तावेज व हक़ वल्द क़ौम साकिन के लिख दिया है और चूंकि उक्त दस्तावेज़की तकमील को स्वीकार करनेके लिए मै रजिस्टरिङ्ग अफसर स्थान के सामने स्वय हाजिर हासकनेमें असमर्थ हूं इसलिए मेरे लिए यह आवश्यक होगया है कि उपरोक्त तकमील और तस्दीक़ करनेके लिए मैं किसी शख्सको अपना मुख्तार मुक़र्रर करूं। और इसलिए मै उक्त दस्तावेजकी रजिस्ट्री कराने के लिए और उस दस्तावेजकी तकमीलको मजूर करनेके लिए श्रीयुत वल्द ' क़ौम साकिन पेशा को अपना मुख्तार मुक़र्रर किया है, कि वह मेरे नामसे और मेरी ओरसे उक्त दस्तावेजको मुनासिब रजिस्टरिङ्ग अफसर मुक़ाम के सामने रजिस्ट्रीके वास्ते पेश करे और मेरी ओरसे उक्त दस्तावेज की तकमीलको तस्लीम करें।

तारीख़ (दस्तख़त)

नोट—ऐसे मुख्तारनामेकी रजिस्ट्री होना चाहिये।

३३ पट्टा (बंगाल)

आज तारीख माह सन् १९ ई० को श्री ... ... (जोकि इसमें आगे चल कर पट्टा देहन्दाके नामसे सम्बोधित किए गए हैं) तथा श्री · (जोकि आगे चल कर पट्टादार कहे गए हैं) के बीच इकरारनामा हुआ, जिसके जरियेसे पट्टा देहिन्दाने वह कुल ईंटसे बना हुआ पक्का मकान या हवेली मय उन कुल बाहरी मकानों, गोदामों, अस्तबलों, गाड़ी खानो तथा तमाम दूसरी उससे सम्बन्ध रखने वाली चीजों और तमाम हक़ूक़, हक़ूक़ आसाइश और रिआयतोंको, जोकि उनसे सम्बन्ध रखती है और जो ... ' ... पर शहर ·· के अन्दर वाक़े है [यहां रकबा और हदूद अरबा लिखना चाहिए,] तारीख माह सन् १९ ई० से सालाना मियाद पट्टेदारी पर और रु० सालानाके किरायेपर जोकि सिर्फ हर महीनेकी पांचवी तारीखको या उससे पहिले अदा किया जायगा उठा देने का इकरार किया और पट्टेदारने उसे लेनेका इकरार किया, और पट्टेदार इस तहरीरके जरिये पट्टा देहन्दाके लिये नीचे लिखा इकरार करता हूं —

१ यह कि ऊपर बतलाए हुए दिनों और तरीक़े पर उक्त लगान (किराया) और रकम अदा करता रहेगा।

२ उक्त मकान और जगहमें एक ठीक और ऐसे तरीके से रहते रहेंगे और

उसको इस्तेमाल करते रहेंगे कि वह काबिल सकूनतबना रहे।

३ पट्टादारी के दौरानमें उक्त मकान वगैरा के लगाये गये रेट, महसूल और अबवाबको अदा करता रहेगा।

४ यह कि उक्त जगहके ऊपर कोई भी व्यापार या कारबार नहीं किया जायगा बल्कि उक्त मकान और जगह सिर्फ रहने वगैराके कामके लिए इस्तेमाल किए जायगे।

५ यह कि पट्टेदार इस इकरारनामाके अनुसार उक्त इकरारनामामें अपने हक को किसीके नाम मुन्तकिल नहीं करेगा और न बिना तहरीरी रजामन्दी उस जमीन्दारके उसके या उसके किसी हिस्सेके कब्जेको छोड़ सकेगा और न उसे किसी शख्सको शिकमी उठा सकेगा।

६ यह कि पट्टा देहन्दा और उसके कारिन्दा या मुख्तारको कानूनन यह अधिकार होगा कि वह उसकी हालतको देख भाल करनेके लिए इस मियाद पट्टेदारीके दौरानमें तमाम मुनासिब मोकोंके ऊपर उक्त मकाम और हाता के अन्दर जासके। लेकिन इसके साथ यह शर्त हमेशा लगी रहेगी कि अगर कोई भी किराया, उन तारीखों पर जोकि इसकी आदायगीके लिए इसके बादमें मुकर्रर की जायँगी अदा न किया जायगा, चाहे वह जानतेसे तलब किया गया हो या न किया गया हो या अगर पट्टेदार दीवालिया होजायगा या अपने महाजनोंके साथ कोई राजीनामा (सुलहनामा) कर लेगा या अगर पट्टेदार इस इकरारनामाके ऊपर बाकायदा तौर पर अमल नहीं करेगा तो पट्टा देहन्दा, उसके तामील कुनिन्दो, प्रबन्धको या मुन्तकिल अलेहोंको कानूनन यह अधिकार होगा कि वे उक्त मकान और जगहके ऊपर फिर कब्जा करले और उसमेसे कुल आदमियोंको निकाल दें और हटा दे और जो पट्टा इस तहरीरसे पैदा होता है वह खतम होजायगा।

और पट्टा देहन्दा पट्टेदारके साथ नीचे लिखा इकरारनामा करता है:—

१ यह कि पट्टेकी मियादके दौरानमें उस मकानके बाहरी हिस्सेकी मरम्मत करवाता रहेगा।

२ यह कि उक्त किरायाको अदा करते हुए और इस इकरारनामाके अनुसार कार्य करते हुए पट्टेदार, पट्टा देहन्दा, या किसी दूसरे शख्सकी ओरसे जोकि उसके लिए या उसके जरियेसे दावेदार है उसके द्वारा बिना किसी प्रकारका कोई हस्तक्षेप किए हुए शान्तिके साथ उस मकानमें रह सकता है और उस जगहको इस्तेमाल कर सकता है।

इसके सबूतके लिए इस इकरारनामाके फरीकेनने आज तारीख माह·· सन् · · को उस पर अपने अपने दस्तखत किए और अपनी अपनी मोहरें लगादी।

---

३४ हिबानामा (दानपत्र)

मैं कि ... ... वल्द ... क़ौम ... ...
साकिन .. .. ज़िला ... ... का हूँ। चूंकि
मुसम्मी ... ... को मैंने परवरिश किया था और उसने
अपने समस्त जीवन कालमें बहुत ही सच्चाई, ईमानदारी तथा शुभचिन्तकताके
साथ मेरी सेवा की और मुझे हरप्रकारसे खुश रखा। तीन वर्ष व्यतीत हुए, जब
कि उसका देहान्त होगया था। उसका पुत्र मुसम्मी ... ... भी
बहुतही सच्चाई और नेकनीयतीके साथ मेरी खिदमत करता है। अतएव मैं इस
विचारसे कि मुसम्मी ... ... मेरे परवरिश किये हुए,
एक निहायत ईमानदार नौकरका पुत्र है और स्वयं भी अपने पिताके समान ही,
मेरी सेवा करता रहा है, मैं अपनी स्वतंत्र इच्छासे, ख़ुशीके साथ, ठीक होसहवास
में प्रतिज्ञा करता हूँ और लिखे देता हूँ कि कुल जायदाद स्थावर तथा जङ्गम
वगैरा मुफ़स्सिल जैल उसको हिबा करदी, और आजसे उस रियासतसे अपना
अधिकार निकालकर, उसका कब्ज़ा मालिकाना करा दिया और अपने समान
अधिकार दे दिया।

भविष्यमें मुझे अपने जीवनकालमें तथा मेरे वारिसोंको मेरी मृत्युके पश्चात
उक्त जायदाद पर कोई अधिकार या दावा न होगा।

तफ़सील जायदाद जो हिबा कीगई

स्थावर ... ... क़ीमती ... ...

जङ्गम ... ... वाक़ै ... ...

ता० ... ... माह ... . सन् ... ..

दस्तख़त हिबा करने वाले के ... ... वल्द ....

क़ौम ....साकिन गवाह ....

गवाह ....

---

३५ बयनामा

मैं कि ... . वल्द ... ... क़ौम ... ...
उमर .. साकिन ... . जिला ... ... का हूँ जोकि
एक मंजिल हवेली पुख़्ता जिसकी लम्बाई ... ... गज चौड़ाई ... ...
गज रक़बा ... ... जिसके अन्दर पूरवकी ओर ... ...पश्चिम
की ओर ... ... उत्तर की ओर ... . दक्षिण की
ओर ... ... है जिसकी चौहद्दी पूर्वमें ... ... पश्चिम
... ... उत्तरमें .. .. दक्षिणमें ... .. है
नं० .. ... वाक़ै ... ... में है जो कि मेरी
मौरूसी जायदाद है और मेरे पूर्वजों द्वारा ख़रीदी और बनवाई गई है तथा मैं
बिना किसीकी शिरकत उसपर क़ाबिज़ हूँ अब मैंने उक्त हवेलीको, अपनी स्वस्थ

अवस्थामे, स्वतन्त्र इच्छा, ठीक होसहवासके साथ, विना किसी प्रकारके प्रलोभन या दवावके, बएवज ·· हजार रुपये सिक्के चेहरेदार प्रचलित, जिसके आधे ·· हजार होते हैं श्रीमान्··· ·· ·· ··· वल्द · ··· · कौम · · साकिन ··· ··· ··· जिला · ··· ·· के हाथ वेच दिया, तथा बय सम्बन्धी समस्त रुपया उक्त ख़रीदारसे प्राप्त कर लिया और आज ता० ··· ·· माह · ··· सन् ··· से उक्त हवेली तथा तत्सम्बन्धी जमीनपर ख़रीदारको अपने समान अधिकार तथा क़ब्ज़ा दे दिया । अब मुझको या मेरे वारिसोंको रेहन या बयके विषयमें कोई अधिकार बाक़ी न रहा। यदि कोई हिस्सेदार या शरीक उक्त हवेलीपर किसी प्रकार का दावा करे, तो उसका उत्तरदायित्व मुझ बय करनेवाले पर होगा, और यदि किसी कारणसे उक्त हवेलीका कुल हिस्सा या कुछ भाग निकल जाये, तो ख़रीदारको यह अधिकार होगा, कि वह अपनी बय सम्बन्धी रक़म मय सूद ··· फीसदीके हिसावसे मुझ बेचनेवाले की स्थावर तथा जङ्गम जायदादसे नियमानुसार वसूल करले । अतएव यह बयनामा मय गवाहान् हाशिया के लिख दिया कि सनद रहे और आवश्यकता पर काम आवे। इसके अतिरिक्त एक क़िता दस्तावेज जो मेरे पूर्वजों के समय की मेरे पास थी ख़रीदारको दे दिया। ता०··· · माह ·· · सन् ···

दस्तख़त बय करनेवाले के · · वल्द ··· ··· साकिन ·· ··· ···

गा० १ ··· ·· गा० २ ·· ··· ··· । गा० ३ ··· ··· ··

---

२६ रेहननामा

मैं कि ·· ··· वल्द ··· ··· ··· कौम··· ·· साकिन · ··· जिला ··· ··· का हूँ। जोकि मौजा ·· ·· परगना··· ·· जिला के · · हिस्सेका अधिकारी हूँ और मै विना किसीकी शिरकत, व दख़लके क़ाविज़ हूँ तथा उसकी आमदनीसे लाभ उठाता हूँ अब विना किसीके दवाव, अपनी स्वतंत्र इच्छासे ठीक होसहवासमें उक्त अपने अधिकार जमीदारीको मय समस्त अधिकार दाख़िली व ख़ारजी अर्थात् आराजी मजरूआ व गैर मजरूआ वजर व ऊसर, पोखर व तालाव व कुयेपक्के व कच्चे व वागात व वृक्ष ख़ुदरा व आवादी, जङ्गल व ढाक व रकूमात सवाई तथा उक्त जमीदारी सम्बन्धी हरप्रकार की आमदनीके बएवज़ ·· ··· हजार जिसके आधे ··· हजार सिक्के प्रचलित इस समय होते हैं पास श्रीमान् ··· ··· ··· वल्द ··· ·· कौम ··· ··· · साकिन ··· ·· परगना ··· ·· ज़िला ·· ··· के रेहन किया व गिरवी रखा तथा तमाम रेहननामा सम्बन्धी रुपया मुरतहिनसे नक़द एकमुश्त

प्राप्त कर, उक्त जमींदारीको अपने अधिकारसे निकाल कर ता० ... ...
माह सन् ... से मुरतहिनके अधिकार व कब्जेमें मुरतहिनी विभाग द्वारा दे दिया और अपनी मिल्कजात कायममुकाम बना दिया आजसे मेरी मिल्कजातके उक्त रेहनशुदा जमींदारीके बाबत मुरतहिन को हर प्रकारका अधिकार हासिल है, जिस प्रकार चाहे उससे लाभ उठाये। उक्त रेहनशुदा जमींदारीकी आमदनी, रकम रेहनके सूदमें मोजरा होती रहेगी। अतएव न मुझ राहिनको मुनाफा पैदावार जमींदारी और न मुरतहिनको जर रेहनके सूदका इस रेहननामेके अस्तित्व तक दावा होगा, जब चाहूँ जररेहन एकमुश्त अदा करके इनफिकाक रेहन करवा लूं, किन्तु बिना जररेहन एकमुश्त अदा किये हुए इनफिकाक रेहन न होगा, और जबतक कुल रकम न अदा हो जायगी रेहन शुदा जायदादको किसी दूसरी जगह परिवर्तित करनेका अधिकार न होगा, और यदि कीजायगी, तो वह परिवर्तन नाजायज समझा जायगा। मैं इस जायदादका दाखिल खारिज करवा दूंगा, यदि दाखिल खारिज न करवाऊ, या जायदाद मरहूना कुल या उसका कुछ हिस्सा किसी वजहसे मेरे या मेरे वारिसोंके अधिकारसे निकल जाय, तो मुरतहिनको अधिकार रहे कि वह अपना कुल रुपया मय सूद दर ... ... के हिसाबसे मेरी कुल दूसरी जायदाद स्थावर व जङ्गमसे नियमानुसार वसूल करले। यदि रेहन शुदा जायदादके सम्बन्धमें कोई सहीम या शरीक किसी प्रकारका दावा करे तो मैं उसका उत्तरदायी हूंगा। अतएव यह रेहननामा दखली लिख दिया कि सनद रहे और आवश्यकता पर काम आवे।

ता० ... ... माह ... सन्
दस्तखत राहिनके ... ... वल्द ... ... कौम ... ... साकिन
गं० ... ... गं० २ ... ... गं० ३ ... ...

---

२७ इकरारनामा

मैं कि ... वल्द ... कौम ... साकिन ... जिला ... का हूं जो कि ... रुपये जिसके आधे ... होते हैं पास श्रीमान् ... ... वल्द ... कौम ... साकिन ... से नकद पेशगी लेता हूं और प्रतिज्ञा करता हूं कि तीन माहके अन्दर चार खेमे मय सब सामान तय्यार करके फी खेमा ... रुपयेके हिसाबसे देदूंगा, यदि नियत समयके अन्दर इकरारनामेके अनुसार खेमे तय्यार करके न देदूं तो उक्त रकम मय दो रुपये सैकड़े सूद माहवारीके, बिना किसी उज्र या हीला हवालाके अदा करूंगा यदि खेमे मय कुल सामानके नियत समयके अन्दर तय्यार करके दे दूंगा तो शेष रकम

बहिसाब ··· की तम्बू लेलूंगा। अतएव यह इकरारनामा बशहादत गवाहान् लिख दिया कि सनद रहे और समय पर काम आये।

ता० माहके ··· सन ···

दस्तख़त इकरारनामा लिखनेवाले के

गा० गा० गा०

---

३८ वसीयतनामा

मै कि वल्द साकिन जिला व वजह अपनी तन्दुरुस्ती ख़राब होने के अपनी मौतके बाद अपनी जायदादके लिये यह आखिरी वसीयतनामा लिखता हूं। मै इस वसीयतनामेके जरिये हस्ब जैल वसीयत करता हूँ —

१ मैं अपने पुत्रो ··· ···
को अपने वसीयतनामेका तामील कुनिन्दा और ट्रस्टी मुकर्रर करता हूँ। और एलान करता हूं कि वह तमाम ट्रस्ट और अधिकार जो कि मेरे इन तामील कुनिन्दाओं और ट्रस्टियोंको दीगई है उनके वारिसों और दरवारिसोको हासिल होती रहेगी।

२ मै अपने तामील कुनिन्दों और ट्रस्टियोंको हुक्म देता हू कि वे मेरी जायदादसे सबसे पहिले मेरे वाजिबुल अदा कर्ज और वसीयतनामेके मुताल्लिक़ अखराजात अदा करें और ··· रुपया मेरी अन्त्येष्टि क्रिया और श्राद्धमे ख़र्च किये जांय।

३ मै अपनी प्यारी पत्नी श्रीमती ·· को साढ़े तीन फीसदी सूदके गवर्नमेण्ट प्रामिजिरी नोट कीमती
रुपये के देता हूँ वे मेरी मौतके छ महीनेके अन्दर बिल्कुल अदा कर दिये जांय। मै अपनी उक्त पत्नी श्रीमती को अपना मकान सकूनती न० ·· सड़क शहर बम्बई को सिर्फ उसकी जिन्दगी भरके लिये देता हूँ। मैं उसे वह तमाम जवाहिरात और सोने तथा चादीके जेवरात भी जिसे वह इस्तैमाल करती रही है वसीयत करता हूँ।

४ मै इस वसीयतनामेके द्वारा अपना व्यवसाय जो के नामसे चलता रहा है और जिसका मैं पूर्ण अधिकारी हूँ अ ब स द और य पुत्रोंको जो मेरे प्रथम द्वितीय तृतीय, चतुर्थ और पचम पुत्र है समान हिस्से पर देता हूँ। उक्त पांचो पुत्रोंको मै अपनी तमाम पैतृक जायदाद और मेरी स्वयं उपार्जित रियासत, जो कि जिला ·· और मे वाक़े है और चार फीसदी सूदके गवर्नमेण्ट प्रामिजिरी नोट भी क़ीमती
रुपये तथा समस्त मेरी गृहस्थी सम्बन्धी वस्तुये, सामान और समस्त स्थावर तथा जङ्गम जायदाद, जिसका कि मैं मालिक हूँ या जो मेरे अधिकार में है वसीयत करता हूँ।

५ मैं इस वसीयतनामेकेद्वारा अपनी दो पुत्रियों श्रीमती ... ... और श्रीमती ... ... को पांच हजार रुपये नकद देता हूँ, वे उन ... ... को मेरी मृत्युके दो महीनेके अन्दर देदिये जांय।

६ मैं अपने तामील कुनिन्दोंको हुक्म देता हूँ कि वे मेरी उक्त पत्नी श्रीमती ... ... को उन तमाम चीजोंके अतिरिक्त जो मैंने उसे इस वसीयतनामेके द्वारा दिया है चालीस रुपया मासिक उसके व्यक्तिगत खर्चके लिये तादयात देते रहें।

७ मैं अपने तामील कुनिन्दोंको यह भी हुक्म देता हूँ, कि वे तीन फीसदी सूदके मेरे गवर्नमेण्ट प्रामिजिरी नोट, कीमती ... हजार अलाहिदा करदें और उसके सूदसे दुर्गापूजाका सालाना खर्च चलाये, तथा अपने इष्ट देव श्रीशङ्करजी की दैनिक सेवाका प्रबन्ध रक्खें।

(वसीयत कर्ताके दस्तखत)

निम्न सज्जनोंकी उपस्थितमें तस्दीक किया गया —

१ ... ... }
२ ... ... } गवाह
३ ... ... }

---

३९ तकसीमनामा

हम कि ... व ... वल्द ... कौम ... पेशा ... साकिन .. परगना ... ज़िला ... के हैं जो कि मौजा ... के मय बागात व मकानात वगैरा, जो इस मौजेमें वाके है बिला किसीकी शरकत व अधिकारके हम ...... काबिज व पूर्ण अधिकारी हैं अब हमने अपनी रजामन्दी, निश्चित सम्मति तथा ठीक होस हवासमें समयानुसार भविष्यके लिये यह उचित समझा है कि उक्त मौजेकी जमाबन्दी व खसरा बदोबस्तके अनुसार दो मुहाल करलें तथा स्थावर व जङ्गम सम्पत्तिको दो समान भागोंमें विभाजित कर, हम दोनों नीचेकी सूचियोंके अनुसार बांट लिया और अपने अपने भागों पर अधिकार कर लिया है। आगामी वर्ष ... सन् से सरकारी आमदनी अलग अलग अदा किया करेंगे, और इस बटवारेकी एक एक फर्द हम दोनोंके पास मौजूद रहेगी। इस बटवारेके अनुसार कलक्टरी विभागमें अर्जी देकर, दोनो मुहालोंकी पृथक खेवटें तय्यार करा कर,

जमाबन्दी अलग अलग करादी जायगी। भविष्यमे हमे या हमारे वारिसोंको इस तकसीमनामेके विरुद्ध किसी प्रकारकी शिकायत न होगी, और न इसकी शर्ताके विरुद्ध किसी प्रकारकी समाअत होसकेगी। अतएव यह तकसीमनामा मय शहादत गवाहान हाशिया, इसलिये मुरत्तिब हुआ कि सनद रहे और वक्त जरूरत पर काम आवे।

दस्तखत तकसीम कुनिन्दा

ग०   ग०

---

४० ख़ास किस्मका बयनामा

जब किसी वारिसको जायदाद पानेका हक़ पैदा हो जाय और वह निर्धनताके कारण अदालतमें नालिश न कर सके और अपने हक़का कोई हिस्सा किसीको इस मतलबसे बय करदे कि वह मुक़द्दमेके ख़र्चके बदले जीतने पर उतना हिस्सा ले लें ऐसा बयनामा बहुत मुश्किल होता है और बहुत समझ बूझ कर लिखा जाता है। हम नीचे ऐसेही एक बयनामेकी नक़ल देते हैं जिसे नामी और गम्भीर एवं धुरंधर वकीलोंने श्रीमान् सेठ जगन्नाथ चिरंजलिाल गोइन्दकाके हकमें लिखा था। आपको इससे अपने मामलेमें बहुत मदद मिलेगी

हम कि छन्नू व रामचरन व भैय्यालाल पिसरान फकीरे चौधरी व रामसेवक पिसर तुलसीदास नबीरा फक्कीरे अकवाम वैश्य साकिनान जैतपुर परगना कुल पहाड जि० हमीरपुर वजरिये इस तहरीरके हस्ब जेल इकरार करते हैं और लिखे देते हैं।

१ यह कि अयोध्या प्रसाद हम मुकिरानका रिश्तेदार क़रीबी हस्व शिजरा जैल था। अयोध्या प्रसाद मजकूरने अर्सा हुआ कि जायदाद मालियती कसीर छोड़कर वफात पाई। अयोध्या प्रसाद मजकूर अपने भाई भवानी प्रसाद और उसकी औलादसे अलहदा और मुन्क़िसम थे, और जुड़ावन तीसरा भाई अयोध्या प्रसादका लावल्द वहयात अयोध्या प्रसाद फौत हो चुका था।

२ यह कि अयोध्या प्रसादने व वक्त वफात अपने, अलावा दीगर जायदादके जायदाद जिमीदारी कसीर उल मालियत छोड़ी। तमाम जायदाद मतरूका अयोध्या प्रसाद पर व शमूल जायदाद जमीदारी मज़कूर, उसकी बेवा मुसम्मात

लाई वरासतन मालिक व काबिज हीन हयाती व अख्तयारात महदूद हुई। मुसम्मात लाई भी एक अर्सा हुआ फौत होगई और उसकी वफात पर मुसम्मात ललता बाई दुख़्तर अयोध्या प्रसाद मौसूफ वरासतन मालिक व काबिज हीन हयाती जायदाद मतरूका अयोध्या प्रसाद की व शमूल जायदाद जिमींदारी मजकूरके व अख्तयारात महदूद हुई और बिल एवज कर्जा याफ्तनी अयोध्या प्रसाद चन्द हिस्सा जिमींदारी मुसम्मात ललता बाईने खरीद किये वह भी जुज जायदाद मतरूका अयोध्या प्रसाद होगये।

३-यह कि अयोध्या प्रसादके एक लड़का मुसम्मी कल्लू था जो कि बहयात अपने बाप अयोध्या प्रसादके फौत होगया। कल्लूने व वक्त वफात अपने दो बेवगान यानी मुसम्मातान लाडली और सलोनी और एक लड़का नथ्थू छोड़ा। बादहू नथ्थू भी हयात अयोध्या प्रसादमें लावल्द फौत होगया और कुछ अर्से बाद मुसम्मात लाडली बेवा कल्लू फौत हुई मुसम्मात सलोनी बेवा कल्लूको व वजह इसके कि उसका शौहर बहयात उसकी सुसरके फौत होगया था, कोई हक जायदाद मतरूका अयोध्या प्रसादमें नहीं पहुंचा। अयोध्या प्रसाद ने बाद वफात कल्लू महज बगरज दिलजोई, बेवा कल्लू का नाम चन्द मवाजियात पर दर्ज करा दिया था लेकिन फिलवाके मालिक वा काबिज कुल जायदादका तनहा अयोध्या प्रसाद रहा और बाद उसकी वफातके मुसम्मात लाई और बाद हू मुसम्मात ललता बाई व हक हीन हयती जायदाद मतरूका अयोध्या प्रसाद पर वशमूल उस जायदादके जो अयोध्या प्रसादके मतरूकेसे खरीदी गई थी काबिज रही।

४ यह कि बाद वफात मुसम्मात लाईके, जब कि ललता बाई जायदाद पिदरी पर हीन हयाती व अख्तयारात महदूद वरासतन मालिक व काबिज थीं, मु० सलोनी व ललता बाई दुख्तर अयोध्या प्रसादने व साजिश तातिया प्रसाद दामाद मु० ललता बाईके, यह जाहिर किया कि मु० सलोनी बेवा कल्लूने मुसम्मी स्वामी प्रसाद पिसर तातिया प्रसादको हस्ब इजाजत शौहरी गोद लिया। और यह किस्सा गोदका औलाद भवानी० प्रसादको, जो कि वारिस मावाद होते थे महरूम करनेकी गरजसे अफजा किया गया और इस मामलेमें मुसम्मी फकीरे को भी शामिल इस तरीकेसे कर लिया कि एक पञ्चायतनामा फर्जी व साजिशी तहरीर कराया गया जिसकी रूसे मिन् जुमले जायदाद जिमींदारी मतरूका अयोध्याप्रसाद के जमींदारी मुन्दर्जे फेहरिस्त (अलिफ) व (बे) मुंशरहे जेल मे बकदर एक सुलसके फकीरे को दिलाया गया और बकीया दो सुलस जायदाद मजकूरका मालिक स्वामीप्रसाद करार दिया गया। और जो जायदाद फेहरिस्त नम्बर (जीम) में दर्ज हैं और जो बजरिये दो किता हेबा नाम जातके मौरखे ता० २२ अगस्त सन् १८९० ई० और दोयमी मौरखे ता० ११ सितम्बर १८९० ई० के मुसम्मात सलोनी ने बहक तातियाप्रसाद हिबा करदी थी उसकी निस्बत यह करार पाया कि वह जायदाद बदस्तूर मौहूब अलेह मौसूफ के कब्जेमें रहेगी।

(५) यह कि किस्सा तबनियत स्वामीप्रसादका महज गलत और बे बुनियाद था और फिलवाके स्वामीप्रसादको मुसम्मात सलोनीने कभी अपने शौहर मुसम्मी कल्लूके लिये गोद नही लिया और अगर ब फर्ज मुहाल स्वामीप्रसादको मुसम्मात सलोनी अपने शौहर मुसम्मी कल्लूके लिये गोद लेती तो तबनियत मजकूर शास्त्रन् व कानूनन् नाजायज होती। लेकिन बावजूद इन तमाम उमूरके मामलेमे रंगत देनेकी गरजसे एक गोदनामा भी फर्जी ता० १३ मई सन् १९०९ ई० यानी जिस रोज पञ्चायतनामा लिखा गया तहरीर करा लिया गया।

(६) यह कि मुसम्मी भगवानदास वल्द बांकेने नालिश नम्बरी ३०३ सन् १९१० ई० व अदालत सबजज बहादुर जिला बांदा बाबत इस्तकरार इन उमूरके दायरकी कि यह करार दिया जावेः—

(अलिफ) स्वामीप्रसादको मुसम्मात सलोनीने कभी गो नहीं लिया और तबनियत जिसका जिक्र तबनियतनामा मौरखे १३ मई सन् १९०९ ई० मे है, फिलवाके कभी अमलमें नही आई और अगर इस किस्मकी तबनियत फिलवाके अमलमें आती, तो वह शास्त्रन् व कानूनन् नाजायज होती और स्वामीप्रसाद मजकूरको कोई हक मतरूका अयोध्याप्रसाद मुन्दर्जे फेहरिस्त (अलिफ) व (बे) मे नही पहुँचा।

(बे) तबनियतनामा व फैसला सालिसी मौरखे १३ मई सन् १९०९ ई० बमुकाबिले जायदाद मुन्दर्जे फेहरिस्त (अलिफ) (बे) व (जीम) बाद वफात मुसम्मात ललताबाईके नाजायज व गैर मुअस्सर करार दी जावे और इस्तकरार इस अम्रका फरमाया जावे कि स्वामीप्रसाद व तांतियाप्रसादका कोई हक जायदाद मजकूरे बालामें बजरिये दस्तावेजात मजकूरेनके नही है। नालिश मजकूर अदालत इब्तदाईसे कानूनी बुनियाद पर खारिज हो गई जिसकी अपील अदालतुलआलेया हाईकोर्ट इलाहाबादमे मिनजानिब भगवानदास मौसूफ दायर हुई और अदालतुलआलेया हाईकोर्टसे फैसला अदालत मातहतका मंसूख होकर दावी भगवानदास जिस इस्तदुआय दादरसीके साथ दायर हुआ था डिकरी होगया। यानी हरदो दादरसी हाय इस्तकरारया मजकूरे बालाकी डिकरी सादिर होगई।

(७) यह कि व नाराजी फैसला अदालत हाईकोर्टके अपील मिनजानिब स्वामीप्रसाद व तांतियाप्रसादक अदालत प्रिवीकौंसिलमे दायर हुआ और वहांसे फैसला अदालतुलआलिया हाईकोर्ट इलाहाबाद बहाल रहा सिर्फ इस कदर तरमीम फैसला हाईकोर्ट मजकूरमे अदालत प्रिवीकौंसिलनेकी कि जो डिकरी इस्तकरारिया अदालतुलआलिया हाईकोर्ट इलाहाबादने सादिरकी है उसका निफाज दरमियान मुद्दई और मुद्दाअलेहम न० ८ लगायत ११ के एक जानिब व दीगर मुद्दाअलेहमके दूसरी जानिब महदूद रहेगा। और इन दीगर मुद्दाअलेहमके हुकूक बादमी पर इस डिक्रीका कोई असर न होगा।

(८) यह कि किस्सा तबनियत अदालत आखिरी यानी प्रिवीकौंसिलसे गलत करार पा चुका है तबनियतनामा व पचायतनामा मजकूरे बाला भी

नाजायज़ और ग़ैरमुअस्सर व मुक़ाबिले हक़ूक़ हममुक़िरानके क़रार पाचुके हैं और यह तय हो चुका है कि स्वामीप्रसाद या तांतियाप्रसादका कोई हक़ जायदाद मतरूका अयोध्याप्रसाद मज़कूरे बालामें नहीं है।

(९) यह कि मुसम्मात ललताबाईने बतारीख़ ३ नवम्बर सन् १९१८ ई० मुताबिक कातिक बदी अमावस्या सम्वत् १९७५ वि० वफात पाई। उसकी वफात पर मुसम्मी फक़ीरे जो कि उस वक्त हयात था बहैसियत क़रीबतरी वारिसमा बाद अयोध्याप्रसादके मालिक व क़ाबिज कुल जायदाद जमीदारी मतरूका अयोध्याप्रसादका हुआ।

(१०) यह कि फकीरे क़रीब एक साल, बाद वफात ललताबाईके फौत होगया। और उसकी वफात पर उसके पिसरान मुसम्मियान छन्नू व रामचरन व भैयालाल व तुलसीदास ब वरासत अपने बापके मालिक जायदाद मतरूका अयोध्याप्रसादके हुए और हैं। बादहू मुसम्मी तुलसीदासने अपने पिसर रामसेवकको छोड़कर वफात पाई अब हम मुक़िरान नम्बर १ लग़ायत ४ मालिक जायदाद मज़कूरके हैं।

(११) यह कि बवजह इसके कि, जिस वक्त पंचायतनामा तहरीर हुआ मुसम्मी फकीरे मज़कूरको कोई हक़ फिलवाके जायदाद मज़कूरमे हासिल नहीं हुआ था बल्कि उसको महज़ कान्टनजेन्ट इन्टरेस्ट (Contingent Interest) बहैसियत रिवर्जनर (Reversioner) के हासिल था जो कि क़ानूनन् मुतक़िल किसी दिगरसे नहीं हो सकता था न उस कान्टेनजेन्ट इन्टरेस्ट (Contingent Interest) से दस्तबरदारी शास्त्रन् व क़ानूनन् हो सकती थी। चुनाच फकीरे मज़कूरके पंचायतनामामे शरीक होने या किसी जुज़ कान्टेनजेन्ट इन्टरेस्ट (Contingent Interest) के दस्तबरदार होनेसे किसी क़िस्मका ज़वाल उसके उन हुक़ूक़ वरासतको शास्त्रन् व क़ानूनन् नहीं पहुंचा जो कि बाद वफात मुसम्मात ललताबाईके उसको बहैसियत क़रीबतरी वारिस माबाद अयोध्याप्रसादके हासिल हुआ यानी शास्त्रन् व क़ानूनन् वही मालिक जायदाद मतरूका अयोध्याप्रसादका बाद वफात मुसम्मात ललताबाईके हुआ।

(१२) यह कि जायदाद मजकूर पर मुसम्मी स्वामीप्रसाद व तांतियाप्रसाद बिला किसी इस्तहक़ाक़के नाजायज़ तौर पर क़ाबिज हैं और हम मुक़िरानका हक़ तस्लीम नहीं करते हैं और न बावजूद मुतवातिर तक़ाज़ाके जायदाद पर क़ब्ज़ा हम मुक़िरानको देने पर रज़ामन्द होते हैं।

लिहाज़ा हम मुकिरानको बजुज अदालतमें नालिश दायर करनेके और कोई चाराकार अपनी हक़रसी और जायदाद पर मालिकाना क़ब्ज़ा हासिल करनेके लिये नजर नहीं आता। मगर बदक़िस्मतीसे हम मुकिरानको इस क़दर इस्तेताअत नहीं है कि अदालती तसर्रुफ़ात बरदाश्त कर सकें और न हम मुकिरानमे कोई ऐसा शख्स है जो पैरवी माक़ूल मुक़दमाकी कर-सके, चुनाच हम मुक़िरान इस तलाशमें रहे कि कोई ऐसा शख्स मिल जावे जो क़र्ज देने पर आमादा हो जाय चुनाच हम मुक़िराननें अकसर लोगोंसे इस्तदुआ इम्दादकी

